# नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर

वर्ष 10 अंक 155
पृष्ठ 20
नई दिल्ली, शुक्रवार
14 मार्च 2025
मूल्य: 4 रुपये

nationalexpressindia nationalexpressindia www.nationalexpress.co.in

होली की शुभकामनाएं

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20



03 मॉरीशस में संगम का जल विसर्जित करना 'वसुधैव कुटुम्बकम' की..
06 प्रधानमंत्री की मॉरीशस यात्रा का हासिल : ऋषभदेव शर्मा
16 ब्रज में 40 दिनों तक खेली जाने वाली होली पर विशेष...





Goldiee GROUP
रंग भी स्वाद भी
रिश्तों की मिठास भी!
जहाँ जाए रिश्ते बनाए
Goldiee COMPOUNDED HING TADAKA
Goldiee SHAHI PANEER MASALA FRESH LOCK
Goldiee CHHOLE MASALA FRESH LOCK
Goldiee SABJI MASALA FRESH LOCK
Goldiee Premium Scented Gulal
रंगों की तरह स्वाद भी जोड़ता है, वही स्वाद जो अपनों को और करीब लाए..
गोल्डी
मसाले•हींग•अचार•चाय•पापड़•गुलाब जामुन मिक्स•वन-वन नूडल्स•सेवईयाँ•अगरबत्ती
www.goldiee.com
1800 123 201201
customercare@goldiee.com
/goldieegroup1980
/goldieegroup
/goldieegroup
/goldieegroup

वर्ष 10 अंक 155
पृष्ठ 20
नई दिल्ली, शुक्रवार
14 मार्च 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

होली की शुभकामनाएं

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in
DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

06 प्रधानमंत्री की मॉरीशस यात्रा का हासिल : ऋषभदेव शर्मा
07 सद्भाव व भाईचारा का संदेश ?होली मिलन? द्वारा सारे देश.
16 ब्रज में 40 दिनों तक खेली जाने वाली होली पर विशेष -






नेशनल एक्सप्रेस परिवार की ओर से सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं को रंगों के त्योहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं

**विपिन गुप्ता**
संस्थापक/प्रधान संपादक
नेशनल एक्सप्रेस

**अवकाश**

शुक्रवार को होली पर्व के कारण कार्यालय में अवकाश रहेगा इसलिए नेशनल एक्सप्रेस का अगला अंक बुधवार 16 मार्च को प्रकाशित होगा।

# मॉरीशस में संगम का जल विसर्जित करना 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावपूर्ण अभिव्यक्ति : आदित्यनाथ



**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मॉरीशस के तालाब में त्रिवेणी संगम का जल विसर्जित किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि यह भारत और मॉरीशस की सांस्कृतिक एकता का प्रवाह और भारत के 'वसुधैव कुटुम्बकम' दर्शन की भावपूर्ण अभिव्यक्ति है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह भारत और मॉरीशस की सांस्कृतिक एकात्मता का प्रवाह है। यह भारत के 'वसुधैव कुटुम्बकम' दर्शन की आत्मीय अभिव्यक्ति है। यह दोनों देशों की 'आस्था और विश्वास' का समागम है।'' उन्होंने इसी पोस्ट में कहा, ''आदरणीय प्रधानमंत्री जी, आपने मॉरीशस के पवित्र गंगा तालाब में त्रिवेणी संगम का पावन जल अर्पित कर महाकुंभ-2025, प्रयागराज के एकता, बंधुत्व व समरसता के सनातन संदेश को वैश्विक पटल पर पुनः स्थापित किया है। मां गंगा, मां यमुना एवं मां सरस्वती की कृपा संपूर्ण विश्व पर बनी रहे, यही प्रार्थना है।'' इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, ''मॉरीशस के गंगा तालाब में मुझे त्रिवेणी संगम से जल को तालाब में विसर्जित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

दुनिया भर के लाखों हिंदुओं के लिए त्रिवेणी संगम का विशेष महत्व है। इस साल के महाकुंभ में मॉरीशस सहित दुनिया भर से तीर्थयात्री आए।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि मां गंगा, यमुना और सरस्वती का आशीर्वाद हम पर हमेशा बना रहे।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आशा किरण आश्रय गृह में मनाई होली



यी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को आशा किरण आश्रय गृह में बच्चों के साथ होली मनाई और कहा कि सरकार बच्चों के अभिभावक के रूप में उनकी उचित देखभाल सुनिश्चित करेगी।

दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री रवींदर इंद्राज सिंह के साथ मुख्यमंत्री गुप्ता ने बच्चों को मिठाइयां और चॉकलेट बांटी। उन्होंने कहा, '' मैंने अधिकारियों को आश्रय गृह की सभी कमियों को दूर करने और यहां सुविधाओं में सुधार करने के निर्देश दिए हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि रोहिणी स्थित आश्रय गृह में उसकी निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चे रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस आश्रय गृह का संचालन करने वाले समाज कल्याण विभाग को इस समस्या के समाधान के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने समाज कल्याण मंत्री से आश्रय गृह परिसर में स्थित पार्क को बेहतर उपकरणों से उन्नत करने को कहा है।



राधा का रंग और कान्हा की पिचकारी
प्यार के रंग से रंग दो दुनिया सारी
यह रंग ना जाने कोई जात ना कोई बोली
मुबारक हो आपको रंगों भरी होली
होली की हार्दिक शुभकामनाएं

**विनीत कुमार गुप्ता 'लोहिया'**
LOHIA
चेयरमैन, लोहिया ग्रुप



रंगों का ये त्योहार, खुशियों की बहार लाए
मीठी- मीठी गुझिया, जिंदगी में मिठास लाए
होली का ये रंगीन पर्व, सबके लिए उल्लास लाए

**सौरभ शिवहरे**
मिल्कोमोर
चेयरमैन-कपिला कृषि उद्योग लिमिटेड



गुझिया की तरह हमेशा मीठी रहे आपकी बोली
खुशियों से भरी रहे आपकी झोली
आपको और आपके परिवार को हमारी तरफ से
होली की हार्दिक शुभकामनाएं

**प्रदीप अग्रवाल**
SIGNATURE GLOBAL
चेयरमैन, सिग्नेचर ग्लोबल लि.



खुशियों की बहार और प्यार के रंगों से भरी होली की शुभकामनाएं।

**सोम गोयनका, सुरेन्द्र गुप्ता**
निदेशक, शुभम गोल्डी मसाले प्रा. लि.










Happy Holi
From the house of Milkose
Healthy Food, Healthy Life
with Goodness of
Milk, Barley & Cocoa
Choco Malt
Chocolate Satisfaction
Malt Based Food
Khoob Jiyo,
Khoob Piyo


with Goodness of Milk & Malt
MaltoVitaa®
ACTIVE ENERGY PLUS
Complete Nutrition
for your Kid
From the house of Milkose
Healthy Food, Healthy Life
130
120
110
100
90
80
70
60
50
40
30
info@commad.in
Continental Milkose (India) Ltd.
Regd. Off.: A-73, New Friends Colony New Delhi - 110025
Ph.: 011 26926085, 26842664 Fax.: 011 26844308
www.milkose.com consumercare@milkose.com


Madhoshree
Radhe Radhe
RRAHUL
...a Promise of Purity
KMG
HAPPY
Holi
Celebrate the Colors of Joy with
KMG Milk Food Ltd.
May this vibrant festival bring happiness,
prosperity, and delicious flavors
to your life!
+91 99716 90600, 9971159605, +971502020147
KMG MILK FOOD LIMITED
info@kmggroup.com
kmgmilkfood.com
9th. KM. Stone, Pipli to Ambala, G.T. Road NH-44
Village Masana, Distt. kurukshetra -136156 Haryana.


Happy Holi
GRAND PACIFIC
Homes and Estate Pvt.Ltd
Building Trust
Building more than structures
crafting trust at every step
Ajay Kumar Gupta
Director
11, NEW CANTT ROAD, NEAR DILARAM
CHOWK, DEHRADUN-248001
www.grandpacific.in


SATYAM PAPER CORPORATION
80-81/8, First Floor, Makki Paper Market, Chawari Bazar, Delhi-110006
Ph.: 011-23276876, Mob. +91- 9899029500. Email: satyampapercorpn@gmail.com, anilspc@gmail.com
Anil Maheshwari
HAPPY
HOLI
AUTHORISED PAPER DISTRIBUTOR & NEWS PRINT INDENTOR
NEPA LIMITED
NICER PAPER MILLS
KATYAYINI PAPER MILLS
PRAGTI PAPER INDUSTRIES LTD.
ANAND TRIPLEX BOARD LTD.
Associat Concern
OPULENCE PAPERS P. LTD.
Ph.: 011-30518966. Mob. +91-9871217878, 9312659811
Email : opulencepapers@gmail.com

MATES उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः | MAIT उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः | MAIMS "योगः कर्मसु कौशलम्" | MAHARAJA AGRASEN UNIVERSITY | MABS MAHARAJA AGRASEN BUSINESS SCHOOL | MAHARAJA AGRASEN GLOBAL SCHOOL | MAHARAJA AGRASEN VIDYAPEETH MUNDAKA, DELHI-41 | 25 Years of Excellence 1999-2024 राष्ट्र प्रथम

# MAHARAJA AGRASEN TECHNICAL EDUCATION SOCIETY

## ADMISSION OPEN 2025-2026



## होली की हार्दिक शुभकामनाएँ

सनातन परंपरा के इस रंगों के त्यौहार जो चारों युगों से हम भारतीयों को प्रेरणा देता है आप सभी को और आपके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. नंद किशोर गर्ग
संस्थापक एवं मुख्य सलाहकार

श्री विनीत कुमार गुप्ता लोहिया
अध्यक्ष





VIJAY GUPTA
Director



SANJAY GUPTA
Director

R.G FLOUR MILLS (INDIA) PVT. LTD.
Pathakpur, Shivrajpur , Kanpur

Heena Rollar Flour Mills Pvt Ltd .
Chaubepur, Kanpur

Sri Ram Industries
Pathakpur , Shivrajpur

R.P.S Cold Storage
Dadhika, Bilhaur , Kanpur

Shanti Traders
Shivrajpur , Kanpur

HAPPY HOLI

117/348 A O Block , Geeta Nagar , Kanpur - 208025

समस्त देशवासियों को
# होली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

D.P. Goyal
Mukesh Goyal
Rajesh Goyal

## SHIV IRON STORE

H-47, Sector-9, Noida -201301
Ph.: 0120-4322644, 4322677, email : shiviron@gmail.com

SIS ESTD : 1984



## धर्मपाल गोयल
वरिष्ठ समाजसेवी

सी.एम.डी : शिव आयरन स्टोर, नोएडा
अध्यक्ष : श्रीराम मित्र मंडल, नोएडा
चेयरमैन : शिव शक्ति जन सेवा संस्था, (दिल्ली-नोएडा)
अध्यक्ष : अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, गौ0 बु0 नगर
उपाध्यक्ष : विश्व हिन्दू परिषद, नोएडा महानगर
पूर्व अध्यक्ष : अग्रवाल मित्र मंडल, नोएडा

कार्यालय : आई 70, सैक्टर 9, नोएडा-201301

## संपादकीय

### पाकिस्तान का संकट

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में विद्रोही लड़ाकों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन का जिस तरह अपहरण किया, सैकड़ों बंधक बनाए और 30 से ज्यादा फौजियों की हत्या कर दी, यकीनन यह घटना मुल्क के अस्तित्व और हुकूमत के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। यह मुल्क पर युद्ध थोप देने सरीखी घटना है। बलूचिस्तान में यह लड़ाई दशकों से लड़ी जा रही है। बलूचिस्तान पाकिस्तान से आजादी चाहता है, जबकि पाकिस्तान ने 1948 में फौज के हमले के जरिए उसे जबरन अपना हिस्सा बनाया था। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों को पाकिस्तान के अलावा ब्रिटेन और अमरीका जैसे देश भी 'आतंकवादी' करार देते हैं, लेकिन भारत उन्हें 'विद्रोही' या 'क्रांतिकारी' मानता रहा है।

पाकिस्तान की संसद में मौलाना फजलुर रहमान ने कहा था कि बलूचिस्तान में 5-7 जिले ऐसे हैं, जो कभी भी पाकिस्तान से अलग होकर खुद को 'आजाद मुल्क' घोषित कर सकते हैं। बलूच और खैबर पख्तूनख्वा तो पाकिस्तान से कभी भी आजाद हो सकते हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का मानना है कि एक दिन ऐसा भी आएगा, जब पाकिस्तान अपने पंजाब प्रांत तक ही सिमट कर रह सकता है। यही नहीं, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में भी हुकूमत और फौज के खिलाफ जन-आंदोलन छिड़े हैं। वहां के बाशिंदे भारत के जम्मू-कश्मीर के साथ जुडऩा चाहते हैं। दरअसल बलूचिस्तान का इतिहास और अतीत बेहद दिलचस्प हैं।

यह भी भारत की 565 रियासतों में से एक थी। 1947 में भारत-विभाजन के वक्त उसे दो विकल्प दिए गए थे। वह भारत या पाकिस्तान किसी का भी हिस्सा बन सकती थी, लेकिन बलूचिस्तान ने 'आजाद मुल्क' रहना तय किया। विभाजन के बाद परिस्थितियां इतनी तेजी से बदलीं कि 27 मार्च, 1948 को बलूचिस्तान ने भारत में विलय का प्रस्ताव भेजा। तत्कालीन रक्षा मंत्री वीके कृष्णा मेनन ने आकाशवाणी पर बाकायदा यह घोषणा की, लेकिन प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इस पर तत्कालीन उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार पटेल इतना नाराज हुए कि उन्होंने घोषणा कर दी कि बलूचिस्तान का कोई भी प्रस्ताव नहीं मिला है। अंततः पाकिस्तान के राष्ट्रपति मुहम्मद अली जिन्ना के आदेश पर फौज ने हमला किया और बलूचिस्तान को पाकिस्तान का एक प्रांत बना दिया। पाकिस्तान का आधा भू-भाग बलूचिस्तान की परिधि में है, लिहाजा वह सबसे बड़ा प्रांत भी है। कभी वहां हिंदू और बौद्ध धर्म का वर्चस्व था, लेकिन धर्मांतरणों के बाद उसे 'इस्लामी सूबा' बना दिया गया। बलूचिस्तान में अजीब विरोधाभास हैं कि वहां प्राकृतिक संसाधनों, खनिजों के अमूल्य भंडार हैं, लेकिन करीब 70 फीसदी आबादी 'गरीबी रेखा के तले' जीने को अभिशप्त है। बीएलए लड़ाकों की संख्या 6000 से अधिक बताई जाती है। उनके पास अमरीकी एम-16 ऑटोमैटिक राइफल्स हैं और अन्य हथियार भी हैं। सभी लड़ाके फिदायीन हैं। बीते 4 साल में बीएलए ने 76 हमलों में पाकिस्तान के 1156 फौजियों को मौत के घाट उतारा है। बहरहाल इस घटना ने पाकिस्तान हुकूमत और फौज की कमजोरियों को बेनकाब कर दिया है।

# होली पर सच्चाई के रंग भरे और सब एक हो जायें



ललित गर्ग

होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट् समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, दुनिया को जोड़ने का माध्यम बन गया है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। वस्तुतः होली आनंदोल्लास का पर्व है। होली प्रेम, आपसी सद्भाव और मस्ती के रंगों में सराबोर हो जाने का अनूठा त्यौहार है।

यद्यपि आज के समय की गहमागहमी, मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़ से होली की परम्परा धुंधली हो रही है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तक प्रकृति हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। होली ही एक ऐसा त्योहार है, जिसके लिये मन ही नहीं, माहौल भी तत्पर रहता है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक सचेतन माहौल बनाएं, जहां हम सब एक हो और मन की गन्दी परतों को उतार फेंके ताकि अविभक्त मन के आईने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।

> होली ही एक ऐसा त्योहार है, जिसके लिये मन ही नहीं, माहौल भी तत्पर रहता है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक सचेतन माहौल बनाएं, जहां हम सब एक हो और मन की गन्दी परतों को उतार फेंके ताकि अविभक्त मन के आईने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।

एक तरह से देखा जाए तो यह उत्सव प्रसन्नता को मिल-बांटने का एक अपूर्व अवसर होता है। होली की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसको मनाते हुए हम समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। इस त्योहार को मनाने के पीछे की भावना है मानवीय गरिमा को समृद्धि प्रदान करना, जीवनमूल्यों की पहचान को नया आयाम प्रदत्त करना। हम कितने भोले हैं कि अपनी संस्कृति एवं आदर्श परम्पराओं को हमीं मिटा रहे हैं। स्वयं अपना घर जला कर स्वयं तमाशा बन रहे हैं। आखिर हमीं तो वे लोग हैं जिन्होंने देश की पवित्र जमीं के नीचे हिंसा, अन्याय, शोषण, आतंक, असुरक्षा, अपहरण, भ्रष्टाचार, अराजकता, अत्याचार जैसे घिनौने तत्वों की गहरी और लम्बी सुरंगें बिछाकर उन



पर अपने स्वार्थों का बारूद फैला दिया बिना कोई परिणाम सोचे, बिना भविष्य की संभावनाओं को देखे। इन अंधेरों एवं जटिल हालातों के बीच होली जैसे त्योहार हमारी रोशनी की इंजतार एवं उजालों की कामना को पूरा करने के लिये हमें तत्पर करते हैं।

होली के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान की जाए। स्नेह और सम्मान का, प्यार और मुहब्बत का, मैत्री और समरसता का ऐसा शमां बांधना चाहिए कि जिसकी बिसात पर मानव कुछ नया भी करने को प्रेरित हो सके। होली का त्योहार 'असत्य पर सत्य की विजय' और 'दुराचार पर सदाचार की विजय' का प्रतीक है। इस प्रकार होली का पर्व सत्य, न्याय, भक्ति और विश्वास की विजय तथा अन्याय, पाप तथा राक्षसी वृत्तियों के विनाश का भी प्रतीक है। फाल्गुन मास और होली की परम्पराएँ श्रीकृष्ण की लीलाओं से सम्बद्ध हैं और भक्त हृदय में विशेष महत्व रखती हैं। श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर होली का रंगभरा और रंगीनीभरा त्यौहार मनाना एक विलक्षण अनुभव है। होली जैसे त्यौहार में जब अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, ब्राह्मण-शूद्र आदि सब का भेद मिट जाता है, तब ऐसी भावना करनी चाहिए कि होली की अग्नि में हमारी समस्त पीड़ाएँ, दुःख, चिंताएँ, द्वेष-भाव आदि जल जाएँ तथा जीवन में प्रसन्नता, हर्षोल्लास तथा आनंद का रंग बिखर जाए। होली का कोई-न-कोई संकल्प हो और यह संकल्प हो सकता है कि हम स्वयं शांतिपूर्ण जीवन जीये और सभी के लिय बदलती युग-सोच एवं जीवनशैली से होली त्यौहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में धुंधलका आया है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक उन्नत आत्म उन्नयन एवं सौहार्द का माहौल बनाएं, जहां हमारी संस्कृति एवं जीवन के रंग खिलखिलाते हुए देश ही नहीं, दुनिया में अहिंसा, प्रेम, भाई-चारे, साम्प्रदायिक सौहार्द के रंग बिखेरे। पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।

होली रंगों का निराला एवं अनूठा पर्व है और हमारा जीवन ढेर सारे रंगों का एक पिटारा है। यहां हर रंग जुदा है तो दूसरों से मिला हुआ भी। एक रंग, दूसरे से मिलकर तेजी से नया ही रंग-रूप धर लेता है। किसी एक पर अटके रहकर काम चल ही नहीं सकता। यही जीवन लीला है। पर क्या दूसरों के रंगों को अपने में समा लेना आसान होता है? रंगों को कोई तो कैनवस चाहिए ही ना! संकल्प हो तो कितने रंग खिल सकते हैं? सच यह है कि ना ही दूसरों को अपना बनाना आसान है और ना ही दूसरों का होकर रह पाना। जीवन को हर रंग में जीने और स्वीकारने की कला सबको नहीं आती। उसके लिए जरूरत होती है, एक मस्तमौला नजरिए की। समुद्र से मिलने को तत्पर, मीलों बहती रहने वाली नदी की ऊर्जा का। ऊर्जा और आनंद के इसी मेल का प्रतीक है होली का त्यौहार, जो लगातार बदलते रहने के बावजूद बना रहता है, ध्रुव है, सत्य है। जितने रंग प्रकृति के हैं, उतने ही हमारे हैं और प्रकृति हर पल रंग बदलती है। पुरानी पत्तियां शाख छोड़ती नहीं हैं कि नई खिलनी शुरू हो जाती हैं। पतझड़ और बसंत साथ ही चलते रहते हैं। धरती के भीतर के घुप अंधेरों को चीर कर बाहर निकला बीज, फूल, शाख, पत्तियां और फल के रंग धर लेता है। उगने, डूबने, खिलने, फैलने, मिलने, सूखने, झड़ने, चढ़ने, उतरने और खत्म होने का हर रंग प्रकृति में है और है होली के मनभावन पर्व में। पर प्रकृति हो या होली इनसे उदासीन हम, कुछ ही रंगों में सिमट जाते हैं। गिले-शिकवों, उदासी, तेरे-मेरे, क्रोध और कुंठा में ही अटक जाते हैं। नतीजा, जिंदगी में तनाव और उदासी घिरने लगती है।

हम भी भविष्य की अनगिनत संभावनाओं को साथ लिए आओ फिर से जीवन में सच्चाई का रंग भरने का प्राणवान संकल्प करें। होली के लिए माहौल भी चाहिए और मन भी चाहिए, ऐसा मन जहाँ हम सब एक हों और मन की गंदी परतों को उखाड़ फेकें ताकि अविभक्त मन के आइने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। कलाकार एमी ग्रेंट के अनुसार, 'काला रंग गहराई देता है। इसे मिलाए बिना किसी वास्तविकता को रचा नहीं जा सकता।' जीवन में सुख-दुख दोनों हैं। दोनों एक-दूसरे में बदलते रहते हैं। हमें सुख अच्छा लगता है और दुख में हम घबरा उठते हैं। सारी कोशिशें ही दुखों से बचने की होती हैं। होली का अवसर भी सारे दुःखों को भूलकर स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का अवसर है, राग-रंग से परे होकर स्वयं को रंगना एवं दूसरों को रंग लगाना ही होली है, होली न सिर्फ बाहर से बल्कि भीतर से रंग जाने, आध्यात्मिक एवं पवित्र हो जाने की सीख है, होली दिलों से जुड़ी भावनाओं का पर्व है। यह मन और मस्तिष्क को परिष्कृत करने का अनुष्ठान है।

## 14 मार्च :इतिहास की अहम घटनाएं

1945 ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स ने पहले ग्रैंड स्लैम, एक 22,000lb (9.98 t) भूकंप बम का इस्तेमाल किया था, जो जर्मनी के एक रणनीतिक रेल वियाडबैक इनबेलफील्ड में था।

1955 राजकुमार महेंद्र नेपाल के राजा बने।

1972 इतालवी प्रकाशक गियानियाकोमो फेल्ट्रेलीली, बोरिस पास्टर्नक के उपन्यास डॉक्टर झिवागो के अनुवाद और प्रकाशन के लिए जाने के लिए जाने जाते हैं, इसे सोवियत संघ से बाहर तस्करी के बाद ले जाया गया था।

1978 इजरायल-लेबनानी संघर्ष-इजरायल रक्षा बलों ने लिटानी पर आक्रमण किया, दक्षिणी लेबनान पर आक्रमण किया और कब्जा कर लिया, और लिटानी नदी के उत्तर में सैनिकों को धक्का दे दिया।

1983 तेल उत्पादक देशों के समूह ओपेक ने 23 साल में पहली बार तेल कीमतों में कटौती की।

1988 गणित प्रेमियों के लिए खास दिन 'पाई डे' पहली बार मनाया गया।

1988 चीन ने एक नौसैनिक युद्ध में वियतनाम को हरा दिया क्योंकि स्प्रैटली द्वीपों पर समुद्र संबंधी अवलोकन पोस्ट स्थापित करने के लिए पूर्व निर्धारित किया गया था।

1989 दक्षिण अफ्रीकी नेशनल पार्टी द्वारा पीटर बोथा के स्थान पर एफ़.डब्ल्यू.डी. क्लार्क को राष्ट्रपति बनाया गया।

1990 श्रीमती अर्था पास्कल ट्राविल हैती की प्रथम महिला राष्ट्रपति बनीं।

1991 बर्मिंघम सिक्स', जिसे गलत तरीके से 1974 में इंग्लैंड के बर्मिंघम पब बम विस्फोटों का दोषी ठहराया गया था, को सोलह साल की जेल के बाद रिहा किया गया था।

1994 मैक्सिकन बैंकर / अरबपति अल्फ्रेडो हार्प हेलू का अपहरण कर लिया गया था।

1995 पहली बार, अंतरिक्ष में 13 लोग हैं।

1997 ईरानी सैन्य विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 80 लोग मारे गए थे।

1997 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता माइकल जॉनसन ने 67 वां जेम्स ई। सुलिवन पुरस्कार जीता।

1997 राष्ट्रपति क्लिंटन यात्राएं करते हैं और सर्जरी की आवश्यकता वाले घुटने को फाड़ते हैं।

2004 चीन में निजी सम्पत्ति को क़ानूनी मान्यता प्रदान करने के लिए संविधान में संशोधन हुआ।

2008 विक्ट्री समूह ने ब्रिटेन की प्रसिद्ध स्विचगियर निर्माता कंपनी 'क्रेग एण्ड डेरिकार' का अधिग्रहण किया।

2008 तिब्बत में ल्हासा और अन्य जगहों पर दंगों, विरोध प्रदर्शनों और प्रदर्शनों की एक श्रृंखला शुरू हुई।

2010 मध्य जापान में 6.6 तीव्रता के भूकंप के बाद नुकसान या किसी के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं है।

2011 2011 के सेंडाइ भूकंप के बाद टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज व्यापार के पहले दिन पांच प्रतिशत से अधिक गिर गया।

2012 1995 के बाद से ब्रिटेन में 2.67 मिलियन लोग बेरोजगार हैं, इसकी उच्चतम बेरोजगारी दर है।

2013 चीन के सीपीसी के महासचिव एकादश जिनपिंग को पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के नए अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है, जिसके साथ ली युआनचाओ को उपराष्ट्रपति नामित किया गया है।

2014 अमेरिका की योजना अगले साल आईसीएएनएन के साथ अपना अनुबंध समाप्त करने की है; इससे इंटरनेट पर अमेरिकी अधिकार समाप्त हो जाएगा।

## समसामयिक

### प्रधानमंत्री की मॉरीशस यात्रा का हासिल



ऋषभदेव शर्मा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की हालिया मॉरीशस यात्रा को भारत-मॉरीशस के द्विपक्षीय रिश्तों में काफ़ी अहम मील का पत्थर कहा जा सकता है। दोनों देशों के रिश्तों को 'विस्तारित रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक पहुँचाने और 'महासागर' विज़न की घोषणा के लिए अरसे तक इस यात्रा को याद किया जाएगा।

ग़ौरतलब है कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा के दौरान भारत और मॉरीशस ने समुद्री सुरक्षा, व्यापार, वित्तीय सहयोग और विकास परियोजनाओं से जुड़े 8 समझौतों पर दस्तख़त किए। ये व्यापक समझौते दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी बढ़ने के प्रतीक हैं। साथ ही, इस यात्रा की सबसे महत्वपूर्ण घटना रही - 'महासागर' (म्युचुअल एंड होलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्योरिटी एंड ग्रोथ एक्रॉस रीजंस) विज़न की घोषणा। यह विज़न भारत की 2015 में शुरू की गई 'सागर' (सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन) नीति को और आगे बढ़ाता है। इसका उद्देश्य व्यापार, आर्थिक प्रगति, सतत विकास के लिए क्षमता निर्माण और क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस विज़न की व्याख्या करते हुए कहा भी कि इसमें टेक्नोलॉजी साझेदारी, रियायती कर्ज़ और अनुदानों के माध्यम से सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। सयाने बता रहे हैं कि इस यात्रा के दौरान हुए समझौतों और विकास परियोजनाओं में, स्थानीय मुद्रा में व्यापार समझौता बेहद अहम रहा। भारतीय रिज़र्व बैंक और मॉरीशस के केंद्रीय बैंक के बीच संपन्न इस समझौते से भारत और मॉरीशस के बीच भारतीय 'रुपया' और मॉरीशियन 'रुपी' में व्यापार संभव होगा। इसके अलावा, मॉरीशस सरकार और भारतीय स्टेट बैंक के बीच भी एक अहम समझौता हुआ। यह समझौता मॉरीशस में विकास परियोजनाओं और आर्थिक गतिविधियों को समर्थन के बारे में है।

दोनों देशों के आपसी रिश्तों की गहराई का अंदाज़ा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि भारत ने मॉरीशस के नए संसद भवन के निर्माण के लिए सहयोग की घोषणा की। यह दोनों देशों के बीच लोकतांत्रिक सहयोग का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। साथ ही, भारत की सहायता से मॉरीशस में 20 उच्च-प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं और एक क्षेत्र-आधारित विकास परियोजना का उद्घाटन किया गया। इस दौरान, अटल बिहारी वाजपेयी पब्लिक सर्विस एंड इनोवेशन इंस्टीट्यूट का भी उद्घाटन किया गया, जो सार्वजनिक सेवा और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख केंद्र बनेगा।

भू-राजनीति की बात करें तो, इस यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के 'चागोस' द्वीपसमूह पर संप्रभुता के दावे का पुरज़ोर समर्थन किया। यह द्वीपसमूह सामरिक दृष्टि से बेहद अहम माना जाता है, और इस पर मॉरीशस और ब्रिटेन के बीच विवाद है। भारत का समर्थन मॉरीशस की संप्रभुता को मजबूत करने और हिंद महासागर में चीनी प्रभाव को संतुलित करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।स्वाभाविक है कि प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस में भारतीय प्रवासी समुदाय को भी संबोधित किया और भारत और मॉरीशस के गहरे सांस्कृतिक संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने उचित ही मॉरीशस को भारत के 'विस्तारित परिवार' का हिस्सा बताया और कहा, ''जब आप समृद्ध होते हैं, तो भारत जश्न मनाता है।

''कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह मॉरीशस यात्रा भारत और मॉरीशस के रिश्तों को नई ऊँचाई पर ले जाने वाली रही। 'महासागर' विज़न की घोषणा और रणनीतिक साझेदारी का विस्तार न केवल दोनों देशों के आपसी सहयोग को मजबूत करेगा, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता, आर्थिक विकास और सांस्कृतिक संबंधों को भी बढ़ावा देगा। निस्संदेह, इसे ग्लोबल साउथ के प्रति भारत की बढ़ती प्रतिबद्धता और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है। इन्हीं शब्दों के साथ आप सबको रंगों के त्योहार होली की रंग-रंगीली शुभकामनाएँ!

# बदलते ज़माने की रंग बदलती होली

आज हम जो होली मनाते हैं, वह पहले की होली से काफ़ी अलग है। पहले, यह त्यौहार लोगों के बीच अपार ख़ुशी और एकता लेकर आता था। उस समय प्यार की सच्ची भावना होती थी और दुश्मनी कहीं नहीं दिखती थी।



प्रियंका सौरभ

परिवार और दोस्त मिलकर रंगों और हंसी-मजाक के साथ जश्न मनाते थे। जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नज़र आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए ''हैप्पी होली'' के साथ शुरू और ख़त्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। यहाँ तक कि जब उन्हें चिढ़ाया या डांटा जाता था, तो वे हंसते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय बहस करने में ज़्यादा रुचि रखते हैं।

होली एक ऐसा त्यौहार है जिसे हर पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं, जिसमें दुश्मनी भुलाकर गले मिलते हैं। फिर भी, एकता और प्यार का यह त्यौहार बदल रहा है। फाल्गुन की खुशियाँ अब दूर की यादों की तरह लगती हैं। होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े-बुजुर्ग इस बात पर अफ़सोस जताते हैं कि अब हंसी-मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। पानी की बौछारों की आवाज़ और होली की जीवंतता ने कुछ ही घंटों के उत्सव के बाद एक शांत ले ली है। ''आओ राधे खेलें फाग, होली आई'' के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द-गिर्द होने वाली मस्ती-मजाक की आवाज़ें समय के साथ दबती जा रही हैं।

फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। मंदिरों में फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ़ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग ख़ुशी से एक-दूसरे पर पानी की छींटे मारते रहे और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस ख़ुशी थी। होली की तैयारियाँ वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थीं और समुदाय के आंगन और मंदिर चंग की थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर



आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नज़र आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए ''हैप्पी होली'' के साथ शुरू और ख़त्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। यहाँ तक कि जब उन्हें चिढ़ाया या डांटा जाता था, तो वे हंसते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय बहस करने में ज़्यादा रुचि रखते हैं।

पहले के समय में पड़ोसियों की बहू-बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था। घर स्वादिष्ट व्यंजनों की ख़ुशबू से भर जाते थे और मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया जाता था। आज, समारोह ज्यादातर अपने घर तक ही सीमित रह गए हैं और समुदाय की भावना कम होती जा रही है। फ़ोन पर एक साधारण ''होली मुबारक'' ने पहले के दिल से जुड़े रिश्तों की जगह ले ली है, जिससे रिश्ते कम मधुर लगने लगे हैं। इस बदलाव के कारण परिवार अपनी बहू-बेटियों को दोस्तों या रिश्तेदारों से मिलने देने में हिचकिचाते हैं। पहले लड़कियाँ होली के दौरान ख़ुशी और हंसी-मजाक करती हुई खुली हवा में घूमती थीं, लेकिन अब अगर कोई लड़की किसी रिश्तेदार के घर ज़्यादा देर तक रुकती है, तो उसके परिवार में चिंता पैदा हो जाती है।

होली का त्यौहार खुशियों का मौसम हुआ करता था, जिसकी शुरुआत होली के पौधे लगाने से होती थी। छोटी-छोटी लड़कियाँ गाय के गोबर से वलुडिया बनाती थीं, खूबसूरत मालाएँ बनाती थीं, जिन पर आभूषण, नारियल, पायल और बिछिया होती थीं। दुख की बात है कि ये परंपराएँ अब ख़त्म हो गई हैं। पहले घर पर ही टेसू और पलाश के फूलों को पीसकर रंग बनाया जाता था और महिलाएँ होली के गीत गाती थीं। होली के दिन सभी लोग चंग की ताल पर नाचते हुए जश्न मनाते थे। बसंत पंचमी से ही फाग की धुनें गूंजने लगती थीं, लेकिन अब होली के गीत कुछ ही जगह सुनाई देते हैं। परंपरागत रूप से, विभिन्न समुदायों के लोग ढोलक और चंग की थाप के साथ होली खेलने के लिए एकत्रित होते थे। अब वह जीवंत भावना कहाँ चली गई है?

आज, होली महज़ एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्यौहार के दिन घर के अंदर ही रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्यौहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को ख़त्म कर रही है। एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठा होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। समूह होली की खुशियाँ बाँटने के लिए एक-दूसरे के घर जाते और भांग की भावना में डूबे हुए फगुआ गीत गाते थे। अब, वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। हर महीने और हर मौसम में एक नया त्यौहार आता है, जो हमें उस ख़ुशी की याद दिलाता है जो वे ला सकते हैं। ये उत्सव हमें उत्साहित करते हैं, हमारे दिलों में उम्मीद जगाते हैं और अकेलेपन की भावनाओं को दूर करते हैं, भले ही कुछ पल के लिए ही क्यों न हो। हमें इस त्यौहारी भावना को संजोकर रखना चाहिए।

# विधवाओं के लिए उम्मीद की होली: परंपरा को धता बताकर सम्मान को अपनाया

**बृज खंडेलवाल द्वारा**



मथुरा: सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए वृंदावन में विधवाओं ने एक बार फिर सदियों पुरानी परंपराओं को धता बताते हुए बुधवार को ऐतिहासिक गोपीनाथ मंदिर में होली मनाई। खुशी और सशक्तीकरण के जीवंत प्रदर्शन में सैकड़ों विधवाओं ने रंग-गुलाल उड़ाए, कृष्ण भजनों पर नृत्य किया और फूलों की पंखुड़ियों और गुलाल (सूखे रंगों) के साथ त्योहार मनाया।

एक दशक पहले तक, इस तरह के उत्सव अकल्पनीय थे। वृंदावन में विधवाओं को उनके परिवारों द्वारा त्याग दिया जाता था, उन्हें अशुभ माना जाता था और सामाजिक और धार्मिक उत्सवों में भाग लेने से रोक दिया जाता था। लेकिन आज, सफेद साड़ियों में सजी, वे 700 साल पुराने मंदिर में बड़ी संख्या में एकत्रित हुईं और समाज में अपना स्थान पुनः प्राप्त किया। उन्होंने सुलभ इंटरनेशनल द्वारा आयोजित होली उत्सव का आनंद लिया।

विधवाओं के लिए होली की परंपरा 2013 में शुरू हुई, जब जाने-माने समाज सुधारक और सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. बिंदेश्वर पाठक ने इन हाशिए पर पड़ी महिलाओं को संगठित करने और उन्हें सामाजिक जीवन में फिर से शामिल करने की पहल की। उनका दृष्टिकोण स्पष्ट था: उनके जीवन में गरिमा और सामान्यता बहाल करना।

डॉ. पाठक ने 2013 में कहा था, ₹वृंदावन में होली मनाने का मेरा विचार विधवाओं और समाज को एक स्पष्ट और मजबूत संदेश देना था - कि उनकी भी हमारी तरह ही मानवीय गरिमा है। उन्हें गाने, हंसने, नाचने और सामान्य जीवन जीने का अधिकार है।₹

अपनी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, सुलभ इंटरनेशनल के अध्यक्ष श्री कुमार दिलीप ने विधवाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा, यह उत्सव सामाजिक धारणाओं को बदलने में हमारी प्रगति का प्रमाण है। होली जैसे पारंपरिक अनुष्ठानों में विधवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ती सामाजिक स्वीकृति का संकेत देती है। सुलभ में हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयास जारी रखेंगे कि वे सम्मान, खुशी और उम्मीद के साथ रहें।₹ वृंदावन में बदलाव की शुरूआत 2012 में हुई, जब भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप किया और सुलभ इंटरनेशनल को इन परित्यक्त महिलाओं की देखभाल और कल्याण का काम सौंपा। तब से, उनके जीवन में काफी सुधार हुआ है, उन्हें बेहतर रहने की स्थिति, वित्तीय सहायता और सामाजिक समावेशन की सुविधा मिली है।

### विधवा सशक्तिकरण की विरासत

भारत में विधवा अधिकारों के लिए सक्रियता का एक लंबा इतिहास रहा है। 19वीं शताब्दी में, राजा राम मोहन राय ने सती प्रथा को खत्म करने के लिए आंदोलन का नेतृत्व किया और पंडित ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने विधवाओं के पुनर्विवाह के अधिकार के लिए अभियान चलाया। इस विरासत से प्रेरित होकर, डॉ. पाठक ने विधवाओं के इर्द-गिर्द सामाजिक कलंक को खत्म करने और उनकी समानता की वकालत करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

आज, वृंदावन की होली बदलाव का प्रतीक बन गई है, जो उन लोगों को जीवन का एक नया अनुभव दे रही है जो कभी अकेलेपन और निराशा में रहते थे। उम्मीद है कि हर साल, यह त्योहार उनके जीवन में और भी रंग भरेगा, जिससे अधिक समावेशी समाज का सपना एक स्थायी वास्तविकता बन जाएगा।

# 40वें मुफ्त नेत्र जाँच और मोतियाबिन्द सर्जरी शिविर से सैकड़ों लोगों की आँखों की रोशनी फिर से वापिस आई

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



नई दिल्ली : संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के मार्गदर्शन में सावन कृपाल रूहानी मिशन मोतियाबिन्द के कारण से होने वाले अंधेपन को खत्म करने की दिशा में साल में दो बार मुफ्त आँखों की जाँच और मोतियाबिन्द सर्जरी शिविरों का आयोजन करता है ताकि उन लोगों की आँखों की रोशनी फिर से वापिस लाई जा सके, जो इसके ऑपरेशन का खर्च उठा नहीं सकते। इस नेक कार्य को साकार करने के लिए इस गैर-लाभकारी आध्यात्मिक मिशन ने नौएडा के क्ळअफए आँखों के अस्पताल के साथ साझेदारी की है ताकि मरीजों की निःशुल्क मोतियाबिन्द सर्जरी की जा सके। ये सर्जरी क्ळअफए अस्पताल के डॉक्टरों के साथ-साथ संयुक्त राज्य अमेरिका से आए आँखों के विशेषज्ञों द्वारा की जाती है, जो निस्वार्थ सेवा की भावना से मरीजों को अपनी सेवा मुफ्त में प्रदान करते हैं।

इस वर्ष 22-23 फरवरी, 2025 को 36वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन के दौरान मिशन की ओर से 40वां निःशुल्क नेत्र जाँच और मोतियाबिन्द सर्जरी शिविर 23 फरवरी से 2 मार्च, 2025 तक संत दर्शन सिंह जी धाम और कृपाल बाग, दिल्ली में आयोजित किया गया। सभी मरीजों की प्रारंभिक जाँच

23 फरवरी को संत दर्शन सिंह जी धाम, बुराड़ी में की गई। यहां जाँचे गए 1,956 भाई-बहनों में से 830 का सावधानीपूर्वक पैरामीटर जाँच के बाद मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किया गया। उसके बाद पूरे सप्ताह 2 मार्च तक इन मरीजों को नौएडा के क्ळअफए आँखों के अस्पताल में मुफ्त आवास, भोजन और अस्पताल आने-जाने की सुविधा भी मुफ्त में प्रदान की गई। जहाँ उनकी मोतियाबिन्द सर्जरी भी मुफ्त में हुई।

23 फरवरी को क्ळअफए आँखों के अस्पताल के डॉक्टरों और मेडिकली रूप से प्रशिक्षित कर्मचारियों ने 2000 से ज्यादा भाई-बहनों की मोतियाबिन्द हटाने की सर्जरी करने के लिए उनकी आँखों की गहन जाँच की। जिन मरीजों को उनकी सर्जरी की तारीख बताई गई थी, उन्हें पूरे एक सप्ताह तक कृपाल बाग में रहने और खाने-पीने की सुविधा मुफ्त में प्रदान की गई। कृपाल बाग से, रोगियों को अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराई गई बसों में नौएडा के अस्पताल में ले जाया गया।, जहाँ उनकी सर्जरी की जानी थी।

मरीजों को सर्जरी के बाद उनकी सहायता और मदद करने के लिए सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा उन्हें पढ़ने के लिए चश्मे और आवश्यक सुविधाएँ भी मुफ्त में प्रदान की गईं।

# जल तरंग बज उठी



**रेणु गुप्ता, जयपुर-राजस्थान**

पलक...पलक बेटा...दयाल अंकल आए हैं। चल जरा नाश्ते की प्लेटस लगा दे। मैं दही-बड़ों और कांजी-बड़ों की प्लेटें लगा रही हूँ। तू गुजिया, शकर-पारे और मठरी निकाल दे।

पलक ने माँ के पुकारने के बावजूद उनकी बात अनसुनी कर दी और बेड पर चादर से मुंह ढांपे उदास पड़ी रही।

पलक... पलक बेटा... सुन ले बेटा। मुझे क्यों तंग कर रही है?

लेकिन पलक माँ के दोबारा बुलाने पर भी नहीं उठी और लेटी रही। माँ ने भुनभुनाते हुए जोर-जोर से गुस्से में बर्तन बजाते हुए खुद ही नाश्ते की प्लेटें लगाईं और ड्रॉइंग रूम में ले गईं।

बिस्तर पर लेटे-लेटे पलक कब खयालों के पंखों पर सवार गुजरे दिनों में पहुँच गई, उसे भान न हुआ।

अनमोल उसका मंगेतर था, जिससे उसकी सगाई अभी कुछ दिनों पहले ही टूटी थी। पिछले बरस होली से कुछ दिनों पहले ही तो उसकी उससे सगाई हुई थी।

पिछले बरस सगाई के बाद ऐन होली के दिन अनमोल अपने पूरे परिवार के साथ उसके घर आया था।

उसे आज तक अच्छी तरह से याद है, उस दिन धूल थी। अनमोल और उसके घर वाले ड्रॉइंग रूम में बैठे थे। वह अनमोल को चाय का कप थमा ही रही थी कि पता नहीं क्या हुआ, अनमोल के हाथ पर थोड़ी सी चाय छलक कर गिर पड़ी और वह उठ गया। फिर उससे बोला, प्लीज, मुझे अपने हाथ धोने हैं। मुझे वॉश-बेसिन बता दीजिए।

वह उसे घर के पिछवाड़े में लगे वॉश-बेसिन पर ले गई थी। वहाँ पहुंचते ही अनमोल ने हँसते हुए आँखों में शैतानी की चमक लिए उसके चेहरे पर न जाने कहाँ से गुलाल निकाल कर उसका चेहरा गुलाबी कर दिया।

उसके यूं अप्रत्याशित रूप से उसे रंग लगाने पर वह सकुचा कर रह गई और अनमोल उसे शैतानी से देखता रहा। फिर वहाँ से चलते-चलते हँसती आँखों से वो तीन जादूई अल्फाज उसके कानों में बोलता हुआ ड्रॉइंग रूम में वापस आ गया।

उसे आज तक अपने चेहरे पर उसके हाथों की कुंवारी छुअन याद है।

उस दिन के बाद से उनका मीठा सा रिश्ता वक़्त के साथ कदम-दर-कदम आगे बढ़ता गया था।

दोनों की मंगनी के एक बरस बाद शादी के इंतजाम को लेकर दोनों पक्षों के बीच कुछ विवाद उठ खड़ा हुआ और उनके मध्य इतनी खटास आ गई कि पलक के जरूरत से ज्यादा अहंवादी और जिद्दी पिता ने सगाई तोड़ दी।

दोनों पलक और अनमोल पर मानो गाज गिर पड़ी। सगाई होने के बाद से दोनों निरंतर एक दूसरे के संपर्क में थे। दोनों रोजाना घंटों फोन पर बातें करते और कभी-कभार रेस्टोरेंट या और कहीं मिल भी लेते।

दोस्ती से शुरू हुआ उनका साथ अब शिद्दत के प्यार के मुकाम तक पहुँच चुका था और रफ़्ता-रफ़्ता दोनों ही एक दूसरे की मोहब्बत में दीवाने हो चुके थे।

परिस्थितियों के इस मोड़ पर जब दोनों ओर के पेरेंट्स ने दोनों की मंगनी तोड़ने का निर्णय लिया, दोनों को गहरा सदमा पहुंचा।

दोनों ही ने अपने-अपने पेरेंट्स से अपने मन की बात का खुलासा किया।

पलक ने माँ से कहा, माँ... आपको पता है, मैंने आज तक किसी लड़के से किसी तरह का करीबी रिश्ता नहीं रखा। आप लोगों ने ही मेरे लिए अनमोल को सेलेक्ट किया और मैंने उससे रिश्ता जोड़ा। और अब आप लोगों ने बिना हमसे कंसल्ट किए हमारा रिश्ता तोड़ दिया।

मैं अनमोल के साथ मानसिक रूप से इस कदर जुड़ चुकी हूँ कि अब मेरे लिए इस रिश्ते में पीछे लौटना पौसिबल नहीं। आप लोग हमारा तो सोचिए जरा। हम दोनों कोई कठपुतलियाँ तो नहीं कि जब आप कहेंगे रिश्ता बाँध लो, तो हम जुड़ जाएंगे और जब आप लोग कहेंगे रिश्ता तोड़ दो तो हम बिना चूँ किए रिश्ता तोड़ देंगे।

सॉरी मम्मा, यह संभव नहीं। आप लोगों को अपनी ईगो छोड़ कर अनमोल के घर वालों से बात करनी होगी और हमारी शादी करनी ही होगी।

पलक की माँ ने बेटी की बात पति तक पहुंचायी लेकिन अपनी जिद के पक्के, वो इस मुद्दे पर कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हुए।

उन्हों ने गरजते-बरसते बेटी को फरमान सुना दिया, अगर अब तूने अनमोल से बात की या उससे मिली तो मुझ से बुरा कोई नहीं होगा।

उधर अनमोल के घर भी बिल्कुल यही सब कुछ हुआ। उस के पिता ने भी कड़े स्वरों में बेटे पर पलक से मिलने पर रोक लगा दी।

परिस्थितियों के इस मुकाम पर दोनों प्रेमी कुछ सोच नहीं पा रहे थे कि क्या किया जाए जो दोनों पक्षों के मध्य सुलह हो जाए।

वह यही गुजरा दौर याद कर रही थी कि तभी माँ की पुकार फिर से सुन कर वह अतीत से वापस वर्तमान में आई।

वह सोच रही थी, बिना अनमोल के इस बार की होली कितनी बेरंग और बेमायने लग रही है उसे।

दोनों प्रेमियों के दिन उदासी की धुंध में लिपटे सुस्त चाल से ठहरते-ठिठकते बीत रहे थे।

एक दिन पलक और अनमोल एक रेस्टोरेंट में बैठे-बैठे अपनी समस्या को ही डिस्कस कर रहे थे कि तभी पलक के पिता के घनिष्ठ फ्रेंड दयाल जी अपने किसी परिचित के साथ वहाँ आए और उन दोनों के सामने की टेबल पर बैठ गए।

उन्हें पलक की किसी डॉक्टर से सगाई होने के बारे में पता था पर उसके टूटने के विषय में जानकारी नहीं थी।

पलक को अनमोल के साथ बैठा हुआ देख वे तेज चाल से उनकी टेबल पर आए और अनमोल को देख चौंक पड़े। अरे अनमोल! तुम! तुम्हारी मंगनी हुई है पलक के साथ? अरे वाह!

फिर उन दोनों से थोड़ी औपचारिक बातचीत कर वे अपनी टेबल पर लौट आए। अगले ही दिन जब वे किसी काम से पलक के पिता से मिले, उन्होंने उनसे कहा, भई बहुत बहुत बधाई, आपको पलक के लिए इतना बढ़िया मैच ढूँढने के लिए। अनमोल बहुत ही अच्छा बच्चा है। ऑलमोस्ट आइडियल।

आप कैसे जानते हैं उसे?

अरे भई, मेडिकल कॉलेज में वह मेरा स्टूडेंट रह चुका है। पूरे साढ़े आठ साल उसने मेरे अंडर मेडिकल की स्टडीज की है। उसे मुझसे बेहतर कौन जानेगा?

क्या? उसने आपके ही कॉलेज से मेडिकल की पढ़ाई की है?

हाँ भई, बिल्कुल। उसने एमबीबीएस और एमएस मेरे ही कॉलेज से किया। तुम्हें कोई शक है?

नहीं... नहीं... शक की तो कोई बात नहीं, पलक के पिता ने तनिक मायुसी से कहा। ये अनमोल मेरा फेवरिट स्टूडेंट था। देखना, बहुत आगे जाएगा ये। बेहद ब्राइट फ़्यूचर होने वाला है इसका। हर बात में बढ़िया है ये बच्चा। सॉफ्ट-स्पोकेन तो इतना है कि क्या बताऊँ। बोलता है तो लगता है मानो फूल झर रहे हों मुंह से। स्वभाव का भी बहुत अच्छा है। हमेशा दूसरों की हेल्प करने को तैयार रहता था। हमेशा अपनी क्लास में टॉप करता था। सर्जरी में तो इसे महारथ है। शुरू से डेड बॉडी पर डाइसेक्शन करते वक़्त उसकी उँगलियाँ इतनी सहजता और दक्षता से चलती थीं मानो कोई म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट पर दौड़ रही हों। अभी दिन ही कितने हुए हैं उसे एमएस किए हुए? मुश्किल से पाँच-छह बरस। लेकिन इतने से समय में उसने शहर के रिनाउंड सर्जन्स में अपनी जगह पक्की कर ली है। वाकई में, आप बहुत किस्मत वाले हो कि आपको दामाद के रूप में ये बच्चा मिल रहा है।

अरे यार! रोना तो यही है कि मैंने अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। अनमोल के फादर से मेरा शादी के इंतजाम को लेकर कुछ मनमुटाव हो गया था और जिद में आकर मैंने यह रिश्ता ही तोड़ दिया।

क्या? आपने रिश्ता तोड़ दिया? ये क्या कह रहे हो यार? लेकिन... लेकिन... मैंने तो कल ही अनमोल और आपकी बेटी को एक साथ देखा।

हाँ यार... रोना तो यही है अब। ये बात अपने तक ही रखना, किसी को बताना मत। आप मेरे करीबी हैं, इसलिए आपको बता रहा हूँ। दोनों सगाई के बाद अपने रिश्ते में इतना आगे बढ़ चुके हैं कि हम पेरेंट्स के सगाई तोड़ने के बाद भी दोनों मिलने से बाज नहीं आ रहे। अब आपकी बात सुन कर मुझे लग रहा है मेरा जिद में आकर उनकी मंगनी तोड़ना मेरी सबसे बड़ी गलती थी।

वो तो है ही। आज कल वैसे ही अच्छा लड़का मिलना इतना मुश्किल है। वो भी इतना सुलझा हुआ और ठहराव वाला, साथ ही बिना किसी ऐब वाला।

अब इस सिचुएशन में मैं क्या करूँ यार, कुछ सूझ नहीं रहा। आप ही सुझाओ ना इस समस्या का कोई तोड़। दोनों ही बच्चे अड़े हुए हैं कि उन्हें हर हाल में शादी करनी ही है। उधर मैं खुद अनमोल के पिता से अपनी जिद के चलते ये रिश्ता तोड़ कर आया हूँ। अब बताओ, मुझे क्या करना चाहिए?

आप कहें तो मैं अनमोल के पापा से बात करके देखूँ? शायद बच्चों की खुशी की खातिर वो इसके लिए मान जाएँ।

नहीं... नहीं... जब मैंने ये रिश्ता तोड़ा है तो उसे वापस जोड़ना भी मेरा ही बनता है। आप ऐसा करो, आज शाम को अनमोल के घर चलते हैं। आप भी मेरे साथ उनके घर चलें। आप भी मेरे साथ होंगे, तो मेरी बात का वजन बढ़ जाएगा और आपके लिहाज में वे शादी के लिए मना नहीं कर पाएंगे।

ठीक है। तो मैं शाम को आपकी तरफ आता हूँ। फिर चलते हैं उनके यहाँ साथ-साथ।

ठीक है। मैं शाम को आपका वेट करूंगा।

खैर शाम हुई और पलक के पिता दयाल जी के साथ अनमोल के घर पहुंचे और उन्होंने अपनी गलती की भरपाई के लिए अनमोल के पिता के हाथ-पैर जोड़े।

अनमोल के पिता तो दोनों बच्चों की जिद के मद्देनजर जैसे बेटे और पलक के संबंध को एक बार फिर जोड़ने के लिए तैयार बैठे थे।

दोनों के रिश्ते के टूटे छोर एक बार फिर जुड़ गए।

अनमोल और पलक की खुशी की इंतिहा न थी।

नियत मुहूर्त में शहनाई बजी और अनमोल और पलक सात जन्मों के बंधन में बंध गए।

दोनों के विवाह के बाद आज पहली होली है।

पलक सुबह-सवेरे नहा-धो कर बाथरूम से निकली ही थी कि अनमोल ने पीछे से आकर उसके चेहरे पर अबीर मल दिया और उससे बोला, ह्लआई लव यू हमनशीं। तुम्हें याद है, पिछले साल होली के दिन ही पहली बार मैंने तुमसे अपने प्यार का इजहार किया था।

तुमसे एक जबरदस्त शिकायत है। अपनी शादी को इतने दिन हो गए, तुमने एक बार भी मुझसे ये तीन शब्द नहीं बोले। अब तो बोल दो यार।

पलक ने शर्मा कर उसके सीने में मुंह छुपा लिया। दोनों के दिल प्यार की जलतरंग की मधुर स्वर लहरी पर धड़क उठे।

# जिला युवा प्रतिनिधि मंडल द्वारा वृद्धजनों को फल और वस्त्र तथा अहिंसा लाइब्रेरी में पुस्तकें भेंट की गई

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



जिला युवा प्रतिनिधि मंडल द्वारा वृद्धजनों को फल और वस्त्र तथा अहिंसा लाइब्रेरी में पुस्तकें भेंट की गईं। जिनके जीवन के संस्कार किसी न किसी की मदद के होते हैं।वे प्रतिक्षण ऐसे मौके निकाल ही लेते हैं। नमामि गंगे के जिला समन्वयक श्री विनय कुमार सक्सेना जो कि अत्यंत कर्मठ व्यक्ति हैं।नेहरू युवा केंद्र से भी आप वर्षों तक जुड़े रहे हैं। लोगों को समाजसेवा के क्षेत्र में युवकों को प्रेरित करना एक बड़ा कार्य विनय भाई करते रहे हैं।

आज उनका आश्रम पर श्री मयंक भदौरिया जिला युवा कल्याण अधिकारी, वेलफेयर सोसाइटी के श्री अमित श्रीवास्तव, श्री रेहान भाई,श्री शुभम भाई श्री हिमांशु भाई और विशेष कर वन विभाग के श्री सत्येंद्र कुमार जी के साथ आना हुआ। हमारे पूर्व डी एफ ओ श्री गौरव जी की इच्छा को पूरा करने की दृष्टि से आज उन्होंने वृद्ध जनों को फल और वस्त्र भी विनोबा विद्यापीठ के सभागार में गोष्ठी कर वितरित किए । तथागत कुटीर में विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक श्री रमेश भइया और संरक्षक श्रीमती विमला श्रीवास्तव के युवा कल्याण के लिए किए गए कार्यों हेतु शाल और पुष्पमाला से जिला

युवा कल्याण अधिकारी ने सम्मानित किया। उन्होंने अहिंसा पुस्तकालय का भ्रमण कर वहां अपनी स्टडी कर रहे युवा मित्रों से चर्चा भी की और विनय सक्सेना ने पुस्तके भी प्रभारी सीना शर्मा को भेंट की। होली के मौके पर सभी ने परस्पर अबीर गुलाल भी लगाया। विनोबा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। ब्रह्मदेव जी ने सभी को आश्रम में ले जाकर सभी असाध्य वृद्धजनों से मिलवाया। वृद्धजनों ने सभी आगंतुकों को आशीष दिए। सभी को आश्रम की ओर से गीता प्रवचन भेंट की गई। इस अवसर पर श्री मिथलेश यादव अपने मित्रों के साथ उपस्थित रहे।सभी का आभार के पी सिंह ने किया।

# एकल रामकथा और विशाल सहस्त्र चण्डी महायाग के लिए 16 मार्च को होगा भूमि पूजन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

नई दिल्ली।भारत लोक शिक्षा परिषद द्वारा अपने रजत जयन्ती वर्ष के अन्तर्गत भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2082 चैत्र नवरात्रि पर नई दिल्ली के पंजाबी बाग स्टेडियम (जन्माष्टमी पार्क) में 29 मार्च से 1 अप्रेल तक सुप्रसिद्ध कथा व्यास भाईजी रमेश भाई ओझा के सानिध्य में आयोजित होने वाली भव्य एकल रामकथा और विशाल सहस्त्र चण्डी महायाग के लिए रविवार 16 मार्च को सायं भूमि पूजन कार्यक्रम होगा ।

इस अवसर पर एक हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन भी होगा जिसमें कई जाने माने कवि गण भाग लेंगे ।

एकल रामकथा आयोजन समिति के अनुसार एकल रामकथा और विशाल सहस्त्र चण्डी महायाग के इस भव्य आयोजन की तैयारियाँ जोरशोर से की जा रही है ।

एकल रामकथा और विशाल सहस्त्र चण्डी महायाग के इस नौ दिवसीय धार्मिक आयोजन के विभिन्न कार्यक्रमों में देश के जाने माने पूजनीय संत,देश के गणमान्य नेता गण और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि गण आदि बड़ी संख्या में भाग लेंगे ।

कार्यक्रम स्थल पर प्रतिदिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे ।

# सद्भाव व भाईचारा का संदेश 'होली मिलन' द्वारा सारे देश में फैलना चाहिए : अर्जुन राम मेघवाल

## समाज और संगठन के विकास के लिए होली मिलन कार्यक्रम उत्साहवर्धक: सुरेश जैन




















- कार्यक्रम में सर्वश्रीअर्जुनराम मेघवाल, अनुराग ठाकुर, सुरेश जैन, करनैल सिंह (आईपीएस), राम गोपाल धानुका व गणमान्यों के साथ भारत विकास परिषद के 'होली मंगल मिलन' समारोह में सैकड़ों लोगों ने गले मिल जुल कर दी बधाईयां

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

नई दिल्ली: भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित 'होली मंगल मिलन' कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में देश के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को गौरवान्वित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री माननीय श्री अर्जुनराम मेघवाल रहे। अपने प्रभावशाली संबोधन में उन्होंने सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर जोर देते हुए कहा कि होली के पर्व के माध्यम से आपसी सद्भाव एवं भाईचारे का संदेश सम्पूर्ण समाज में फैलाना चाहिए। उन्होंने भारत विकास परिषद द्वारा समाजसेवा और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी प्रशंसा की।

इसके बाद, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद श्री अनुराग ठाकुर ने भी समारोह में शामिल होकर मौजूद जनसमूह को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा, ऐसे आयोजन समाज में एकता और सहयोग की भावना को पुनर्जीवित करते हैं, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत का अनमोल हिस्सा है। उनके उत्साहवर्धक शब्दों ने समारोह में नई ऊर्जा का संचार कर दिया।

समारोह में विशेष रूप से माननीय श्री सुरेश जैन जी , राष्ट्रीय संगठन मंत्री, की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। उन्होंने कहा कि ₹सामाजिक विकास एवं संगठनात्मक एकता के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। हमें अपनी पारंपरिक भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखते हुए, समाज में एकता और सहयोग का संदेश भी मजबूती से पहुंचाना चाहिए।₹ उनके उत्साहवर्धक विचारों ने वहाँ मौजूद लोगों में उमंग और प्रेरणा की लहर दौड़ा दी।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने में भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आदर्श कुमार गोयल एवं परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष संपर्क श्री कर्नल सिंह जी की उपस्थिति भी अहम रही। उनके मार्गदर्शन एवं सानिध्य ने कार्यक्रम को और भी प्रतिष्ठित बनाया।

इस मौके पर परिषद के सदस्यों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें पारंपरिक होली गीतों और नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। उपस्थित जनसमूह ने रंग-गुलाल के साथ होली के त्योहार का आनंद उठाया और सामाजिक सौहार्द का परिचय दिया।

समारोह में अन्य प्रतिष्ठित अतिथि एवं समाज के विचारशील नेताओं ने भी अपने विचार साझा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक विकास में नई उमंग और जोश का संचार होता है। सभा के समापन पर आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के कई प्रमुख पदाधिकारी तथा धानुका का ग्रुप के चेयरमैन राम गोपाल धानुका सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल रही। भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में होली के शानदार भजन और गीतों की प्रस्तुति भजन गायिका विधि जी द्वारा प्रस्तुत की गई।

खबरें फटाफट

## चुनाव आयोग ने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया

कानपुर,भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को एक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया। संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में राजनीतिक दल प्रमुख हितधारकों में से एक हैं, जो चुनावी प्रक्रियाओं के सभी पहलुओं को कवर करते हैं। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और समय-समय पर भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

## होलिका के पुतलों का सजा बाजार, आस-पास के जनपदों से आते हैं खरीदार



कानपुर। होली के पर्व को लेकर तैयारियां अंतिम दौर पर हैं और होलिका के पुतलों का बाजार पूरी तरह से सज चुका है। आर्डर दे चुके लोग फोन पर फोन कर पुतला तैयार होने की जानकारी कारीगरों से मांग रहे हैं। वहीं कारीगर भी परिवार सहित इस काम को बखूबी निभा रहे हैं। बाजार में इन दिनों पांच से लेकर 20 फीट के होलिका दहन के पुतले सजे हुए हैं। यहां पर कानपुर ही नहीं आस—पास के जनपदों से खरीदार आते हैं। जी.टी. रोड गोल चौराहा स्थित दर्जनों ऐसे पुतले बनाने वाले कारीगर हैं, जो कई पीढ़ियों से पुतला बनाकर अपना जीवन यापन करते चले आ रहे हैं। बाजार में पांच फुट से लेकर बीस फुट लंबे पुतले उपलब्ध हैं। जिनकी कीमत उनकी गुणवत्ता के हिसाब से पांच से लेकर बीस हजार रुपये तक है। जिन्हें शहर के साथ-साथ आस-पास के जनपदों से खरीदार आते हैं। होलिका के पुतले की डिमांड लगातार बढ़ रही है जिस वजह से बाजार में होलिका के पुतले बनाने वाले कारीगर दिन-रात लगकर पुतला बनाने में जुटे हुए हैं।

# होली त्योहार को देखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने के लिए चलाया विशेष अभियान

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



कानपुर। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जिले के विभिन्न इलाकों से खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए हैं। इनमें खोया, पनीर, दूध उत्पाद, खाद्य तेल, घी, कचरी, पापड़, चिप्स, नमकीन और मिठाइयां शामिल हैं। सभी नमूने जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजे गए हैं। लड्डू के नमूने लिए गए रसूलाबाद में नायब तहसीलदार की अगुवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम बिहारी ने तुलसी नगर से राम भरोसे यादव के यहां से नमूने लिए। श्री तिराहा स्थित अनिल स्वीट्स से बूंदी के लड्डू के नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेंद्र नाथ सिंह ने सन्दलपुर से बर्फी और सिकन्दरा के पटेल चौक से खोया का नमूना लिया। डेरापुर में सुबोध कुमार ने अवनीश के प्रतिष्ठान से खोया का नमूना संग्रहित किया। डॉ. राम तेज ने शिवली से रिफाइंड सोयाबीन ऑयल और काशीपुर से खोया का नमूना लिया। रिपोर्ट आने पर होगी कार्रवाई जैनपुर इंडस्ट्रियल एरिया में प्रनीती फूड प्राइवेट लिमिटेड से कॉर्न फ्लोर, नमक और मैदे के नमूने लिए गए। सहायक आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि होली पर अत्यधिक रंगीन मिठाइयों, कचरी और पापड़ का सेवन न करें। मिलावट की जानकारी मिलने पर तुरंत कार्यालय को सूचित करें।

## आईआईटी कानपुर में एनर्जी ट्रांजिशन एंड फ्रेमवर्क फॉर छठवें विनियामक का ऑनलाइन सम्मेलन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी कानपुर) के ऊर्जा विनियमन केंद्र (सीईआर) ने एनर्जी ट्रांजिशन एंड फ्रेमवर्क फॉर रिन्यूएबल परचेज ऑब्लिगेशन (आरपीओ) के लिए रूपरेखा तैयार करने के लिए छठवें विनियामक सम्मेलन की मेजबानी की। कर्नाटक विद्युत विनियामक आयोग (केईआरसी) के अध्यक्ष पी. रवि कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस वर्चुअल सम्मेलन में नीति निर्माताओं, विनियामक प्राधिकरणों, गैर-सरकारी संगठनों और सरकारी और निजी क्षेत्र के अधिकारियों सहित विभिन्न पेशेवर पृष्ठभूमि से 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन में चर्चा भारत की महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा प्रतिबद्धताओं और निर्बाध ऊर्जा संक्रमण को सुविधाजनक बनाने में आरपीओ ढांचे की भूमिका पर केंद्रित थी। पैनल के सदस्यों ने अपने आरपीओ अधिदेशों को पूरा करने में बाध्य संस्थाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की।

## जिलाधिकारी ने दिव्यांग बच्चों संग मनाई होली *दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभा किया अनोखा प्रदर्शन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कानपुर नगर ब्रज की होली की तर्ज पर आज स्पास्टिक केंद्र, कानपुर के दिव्यांग बच्चों ने होली के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की। जूनियर कक्षा के छात्र पार्थ श्रीवास्तव ने वाद्य यंत्र बजाकर मन मोह लिया जिसने 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' की धुन बजाकर समा बांध दी। पार्थ अच्छा तबला वादक भी है, जो दिव्यांग होते हुए भी उसकी विलक्षण प्रतिभा को दिखाता है। वहीं, संस्था के सीनियर दिव्यांग छात्रों द्वारा एक जीवंत नृत्य 'बृज की होली' की प्रस्तुति की गई। प्री स्कूल के बच्चों ने अपनी नृत्य कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया बच्चों ने भगवान कृष्ण, राधा और उनके भक्तों के बीच के प्रेम को अपने नृत्य में दिखाने का अद्भुत प्रयास किया। बच्चों ने एक जीवंत और रंगीन होली गीत 'होरी खेले रघुवीरा अवध में- होरी खेले रघुवीरा' के गीत पर जमकर थिरके। दिव्यांग तरुण में होली के गीत 'होली आई रे रंग बिरंगी होली आई रे' जिसका दर्शकों ने जमकर आनन्द लिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों द्वारा गाये गये गीत ' मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास, होगी शांति चारों ओर ', से इन अनोखी प्रस्तुतियों का समापन हुआ। वहीं,जिलाधिकारी ने अपनी पत्नी श्रीमती रश्मि सिंह के साथ बच्चों को होली के कपड़े, रंग व पिचकारी भेंट किया।साथ ही, बच्चों से बात कर उन्हें मार्गदर्शन देते हुए उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह दिव्यांग बच्चे, जिन्हें हम 'स्पेशल चिल्ड्रन' भी कहते हैं,इन सभी बच्चों में अलग-अलग स्पेशल प्रतिभाएं भी छिपी हुई है, जिसे आज हम सब ने मिलकर देखा। ये बच्चे सामान्य बच्चों से अधिक प्रतिभावान है, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से होली कार्यक्रम को बहुत ही रोमांचकारी वह अद्भुत बना दिया। उन्होंने कहा कि इन बच्चों की आंखों में आशाएं, चैलेंज और अवसर के साथ-साथ जश्न भी है। इन बच्चों के अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने जिम्मेदारी के साथ इन बच्चों की परवरिश की और इन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया।

## डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह की सख्ती के बाद भी जिला विकास कार्यों से लेकर राजस्व की रैंकिंग में पांच अंक लुढ़का

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



कानपुर। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह की सख्ती के बाद भी जिला विकास कार्यों से लेकर राजस्व की रैंकिंग में पांच अंक लुढ़क गया है। जन उपयोगी योजनाओं की निगरानी करने वाले सीएम डैश बोर्ड की ओर से जारी दोनों कार्यों में फरवरी माह में 63वीं रैंक हासिल हुई है। जिसमें विकास कार्यों में 63वीं और राजस्व कार्य में 54वीं रैंक मिल सकी है। वहीं जनवरी माह में 58वीं रैंक हासिल हुई थी। फरवरी माह में सबसे खराब प्रगति विकास कार्यों की रही है। लगातार कानपुर का खराब प्रदर्शन सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार नहीं हो रहा है। लगातार जिले की रैंकिंग का खराब प्रदर्शन रहा। डीएम ने इसमें सुधार लाने के लिए राजस्व और निर्माण कार्यों की निगरानी बढ़ाई लेकिन उसका असर नहीं दिख सका। कार्य की प्रगति करनी होती है अपलोड सीएम डैश बोर्ड की ओर से जारी रैंकिंग में सभी विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष कार्य की प्रगति समय पर अपलोड करनी होती है। लक्ष्य के सापेक्ष काम न करना, योजनाओं या शिकायत निस्तारण के आवेदन पत्रों के सापेक्ष लाभ न मिलना या शिकायतों का निस्तारण न होने की निगरानी की जाती है। 28 विभागों की 70 परियोजनाएं विकास कार्यों के करीब 28 विभागों की 70 परियोजनाओं में दिव्यांग पेंशन, मातृत्व शिशु एवं बालिका सदस्य योजना, ओडीओपी वित्त पोषण, बिजली, शिक्षा, सड़क निर्माण, सामूहिक विवाह, आवास, जल जीवन मिशन, गोवंश सुपुर्तगी, कन्या सुमंगला योजना और शौचालय निर्माण जैसी आवश्यक परियोजनाओं में 63वीं रैंक हासिल हुई है। जबकि जनवरी माह में 39 वीं रैंक मिली थी। इससे साफ जाहिर होता है कि इन विभागों के अफसरों ने पूरी तरह से लापरवाही बरती है। वहीं राजस्व कार्यों में स्मार्ट सिटी मिशन, हाउस टैक्स वसूली, राजस्व प्राप्ति, सरकारी कर राजस्व परियोजनाओं में जिले को 63वीं रैंक मिली। जब कि जनवरी माह में 65वीं रैंक हासिल हुई थी। डीएम बोले- नोटिस जारी की गई डीएम ने बताया कि कानपुर की रैंकिंग खराब करने वाले विभागों के अफसरों को नोटिस जारी की गई है। इन्होंने योजनाओं में लापरवाही बरती है। इस पर सुधार करने के लिए मॉनिटरिंग बढ़ाई जाएगी।

## पति ने पत्नी की गला दबाकर की हत्या, खुद पहुंचा थाने किया जुर्म कबूल

जौनपुर। होलिका दहन के दिन एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गुरुवार दोपहर लाइन बाज़ार क्षेत्र के मियांपुर में पति ने अपनी पत्नी का गला दबाकर हत्या कर दी, हत्या के बाद फिल्मी स्टाइल में सीधे थाने पहुंच गया और पुलिस इंस्पेक्टर के सामने अपना जुर्म कबूल लिया। उसने बोला मैंने अपने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी है मुझे गिरफ्तार कर लो। उसकी बातों को सुनकर पुलिस भी चौंक गई। आनन फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बरसठी थाना क्षेत्र के कारों बनकट निवासी 35 वर्षीय अलका पुत्री हीरेन्द्र प्रताप सिंह की शादी सन 2016 में जनपद प्रतापगढ़ थाना कुंडा निवासी आलोक कुमार से हुई थी। लेकिन परिवार को क्या मालूम था कि जिस युवक से वह अपनी बिटिया की शादी कर रहे है वह ही उसको एक दिन मौत की नींद सुला देगा।

## नकली चांदी के जेवरात देकर ठगने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, एक फरार



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में गुरुवार को नकली चांदी के जेवरात ज्वेलर्स को देकर रुपये हड़पने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। जबकि एक सदस्य फरार होने में सफल रहा, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

बिन्दकी कोतवाली के महरहा रोड से गुरूवार दोपहर बाद पुलिस ने नकली चांदी के दो जोड़ी पायल सफेद धातु तथा 1100 रुपये नकद के साथ रमा पत्नी राजा बाबू व सुरेश कुमार पुत्र मुकुंदी लाल निवासी नहर के पास आवास विकास 3 कानपुर नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करके जेल भेज दिया। गिरोह की एक अन्य महिला मंजू पत्नी कृष्ण गोपाल निवासी जनपद कानपुर नगर घाटमपुर बस स्टॉप फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्त व फरार महिला एक गिरोह बनाकर नकली चांदी आदि के जेवरात लेकर ज्वेलर्स की दुकान में जाते थे और नकली जेवर गिरवी रख कर दुकानदार से पैसा ले लेते थे। इस तरह के शिकार ज्वैलर्स की शिकायतों पर आज पुलिस ने कार्रवाई कर गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को जेल भेजने के साथ फरार आरोपित की तलाश की जा रही है, जिसे शीघ्र गिरफ्तार किया जायेगा।

## वृंदावन से लेकर बंगाल तक उड़ेगा कानपुर का रंग व गुलाल



कानपुर। कानपुर की होली जिस प्रकार पूरे देश में अपना अलग स्थान रखती है ठीक उसी प्रकार यहां का रंग व गुलाल भी वृंदावन से लेकर पश्चिम बंगाल तक उड़ता है। कई दशक से यहां पर सर्दी कम होते ही रंग व गुलाल बनाने का काम शुरु हो जाता है, फिर बाजार पहुंचकर ट्रांसपोर्ट के जरिये देश के कोने-कोने पर भेजा जाता है। यहां के रंग व गुलाल की सबसे बड़ी खासियत है आरारोट से तैयार किया जाता है, जिसको अधिक लोग पसंद करते हैं और अन्य जगहों की अपेक्षा सस्ता भी रहता है। होली का त्योहार बिना रंगों के अधूरा है लेकिन क्या आप जानते हैं कि होली के पर्व पर खेले जाने वाले रंग अबीर को कैसे तैयार किया जाता है? रंगों और खुशियों का त्योहार कहे जाने वाले होली के पर्व की तैयारी जोरो-शोरों पर है। शहर के दक्षिण इलाके यशोदा नगर और गोपाल नगर में इन दिनों होली खेलने के लिए अबीर, रंग व गुलाल को तैयार कर शहर और प्रदेश अन्य प्रदेशों के हिस्सों में भेजने का सिलसिला चल रहा है।

## रोटरी क्लब ऑफ कानपुर गौरव ने श्री कृष्ण धाम, पर्वती बागला रोड, तिलक नगर में रंगीन होली समारोह "रंगरेजा" का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह




रोटरी क्लब ऑफ कानपुर गौरव ने श्री कृष्ण धाम, पर्वती बागला रोड, तिलक नगर में बुधवार रात एक रंगीन होली समारोह ₹रंगरेजा₹ का आयोजन किया। इस आयोजन में क्लब के सदस्य, उनके परिवार और समुदाय के लोग एकत्र हुए और त्योहार का जश्न मनाया। कार्यक्रम में पारंपरिक परिधान पहने समारोह में रंग, संगीत और आनंद का अनोखा संगम देखने को मिला, जिसमें उपस्थित लोगों ने अपने सर्वश्रेष्ठ पारंपरिक परिधान पहने। यह आयोजन समुदाय के लिए एक साथ आने और अविस्मरणीय यादें बनाने का एक शानदार अवसर था। पारंपरिक परिधान ने त्योहार के माहौल को और भी रंगीन बना दिया। रोटरी क्लब ऑफ कानपुर गौरव के कोषाध्यक्ष रोटेरियन अंकुर अंशवानी ने कहा, हमें यह देखकर बहुत खुशी हुई कि हमारा विस्तारित परिवार होली की रंगीन भावना का जश्न मनाने के लिए एक साथ आया। यह एक फैंटेस्टिक इवेंट है और हम पहले से ही अगले वर्ष के जश्न की प्रतीक्षा कर रहे हैं। होली के गीतों पर झूमें सभी सदस्यों ने स्वादिष्ट चाट, ठंडाई और होली के नाश्ते का आनंद लिया, और सभी सदस्यों ने फूलों की होली में भाग लिया और होली के गीतों पर नृत्य किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव रो. जॉय निगम, डायरेक्टर डॉ. सुभाषिनी शिवहरे खन्ना, कल्पना अंशवानी, रिचा महेश्वरी मौजूद रहे। क्लब के अध्यक्ष एकेएस रोटेरियन डॉ. निधिपति सिंघानिया ने रोटरी क्लब ऑफ कानपुर गौरव के सभी सदस्यों को गुजिया बॉक्स के साथ मिश्रित ठंडाई और गुलाल बॉक्स भेंट किए।

## घाटमपुर में होली के दौरान होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष पहल




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। घाटमपुर में होली के दौरान होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष पहल की है। पुलिस ने 'हैपी फैमिली हैपी होली' अभियान के तहत शीतलपुर और बंगलन गांवों का दौरा किया। ट्रैफिक उप निरीक्षक ने ग्रामीणों को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से होली के दौरान शराब पीकर वाहन न चलाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान नशे में या लापरवाही से वाहन चलाने से दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि परिवार की खुशी में ही होली की सच्ची खुशी है। उन्होंने बैनर के माध्यम से यातायात के नियमों और वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में फरीदपुर के प्रधान आदित्य कुमार, आशीष कुमार, विनोद कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# होली पर सुरक्षा को लेकर खास प्लान तैयार

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह




कानपुर । कानपुर में होली पर सुरक्षा को लेकर खास प्लान तैयार किया गया है। इस बार होली पर हुड़दंग और नशेबाजी के साथ माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ पुलिस कमिश्नरेट कड़ा एक्शन लेगा। इस पर कानपुर में 3544 चौराहों पर होलिका दहन होगा। इसमें से 116 होलिका दहन वाली जगह अति संवेदनशील हैं। सुरक्षा को लेकर कानपुर के अलग-अलग हिस्सों में पुलिस, पीएसी और घुड़सवार पुलिस तैनात की गई है। इसके साथ ही गोपनीय जांच-पड़ताल के लिए एलआईयू की भी तैनाती की गई है। जो शहर के संवेदनशील इलाकों में घूम-घूम कर गोपनीय रूप से जायजा लेंगे कि कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश तो नहीं कर रहा है। पूरी सिक्योरिटी को अलग-अलग जोन में बांट दिया गया है। इसके साथ ही अलग से भी क्यूआरटी तैनात की गई है। जो पूरे शहर में मूवमेंट करेगी। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट का होली पर सुरक्षा प्लान जानने के लिए पढ़ें पूरी रिपोर्टङ्क। हर जोन में पीएसी और क्यूआरटी तैनातइ पूर्वी जोनः इस जोन में 19 अति-संवेदनशील और 59 संवेदनशील जगहों पर होलिका दहन होगा। इसके साथ ही 627 सामान्य होलिका दहन होगा। इन सभी जगह पर सुरक्षा के लिए 16 इंस्पेक्टर, 278 दरोगा, 415 हेड कान्स्टेबल कांस्टेबल, 50 महिला कांस्टेबल, 3 QRT, 114 होमगार्ड व 1.5 प्लाटून पीएसी की तैनाती की गई है। पश्चिम जोनः पश्चिम जोन में 52 अति-संवेदनशील 110 संवेदनशील व 888 सामान्य जगहों पर होलिका दहन होगा। यहां पर सुरक्षा के लिए 12 इंस्पेक्टर, 275 दरोगा, 315 हेड कान्स्टेबल/कांस्टेबल, 25 महिला कांस्टेबल, 2 QRT, 60 होमगार्ड व 1.5 प्लाटून पीएसी बल तैनात किये गये हैं। दक्षिण जोनः इस जोन में 08 अति-संवेदनशील, 55 संवेदनशील और 1159 सामान्य जगहों पर होलिका दहन होगा। यहां पर सुरक्षा के लिए 15 इंस्पेक्टर, 354 दरोगा, 412 हेड कान्स्टेबल/कांस्टेबल, 30 महिला कांस्टेबल, 08 QRT, 120 होमगार्ड व 1.5 प्लाटून पीएसी की तैनाती की गई है। सेन्ट्रल जोनः इस जोन में 37 अति-संवेदनशील 61 संवेदनशील और 469 सामान्य जगहों पर होलिका दहन होगा। इन सभी जगहों पर सुरक्षा के लिए 20 इंस्पेक्टर, 210 दरोगा, 220 हेड कान्स्टेबल कांस्टेबल, 40 महिला कांस्टेबल, 6 QRT, 70 होमगार्ड व 01 कम्पनी पीएसी तैनात किये गये हैं। शराब पीकर बाइक से हुड़दंग काटने वालों या फिर दो पहिया और कार से ओवर स्पीडिंग करने वालों के खिलाफ पुलिस के अलावा यातायात पुलिस मुस्तैद की गई है। यह टीम ब्रीथ एनालाइजर से चेकिंग करेगी। अगर कोई नशे में धुत होकर गाड़ी चलाते पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। क्यों कि होली पर नशेबाजी के चलते सबसे ज्यादा रोड एक्सीडेंट में लोगों की मौत और घायल होते हैं। इस वजह से होली पर ट्रैफिक पुलिस भी अलर्ट रहेगी और डीसीपी ट्रैफिक ने अलग-अलग इलाकों पर 6 ट्रैफिक इंस्पेक्टर , 75 ट्रैफिक दरोगा, 160 हेड कांस्टेबल व कांस्टेब, 15 महिला कांस्टेबल ट्रैफिक पुलिस और 90 होमगार्ड की तैनाती की गई है। मिलावटी शराब बेचने वालों पर भी गिरेगी गाज एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर ने बताया कि मिलावटी व अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए स्पेशल टीम का गठन किया गया है। हर जोन में एक टीम बनाई गई है जो सिर्फ मिलावटी और अवैध शराब की बिक्री पर निगरानी करेगी।

Let's celebrate Holi with enthusiasm, positivity, and lots of colours! ...

HAPPY HOLI

RICPL
Engineers & Contractors



M/s Ramacivil India Construction Pvt. Ltd.

(Formerly Rama Construction Co.)
Regd. CPWD Class –I (Super) Construction Co.


Ram Niwas Gupta
(Chairman)


Praveen Gupta
(MD)


Gautam Gupta
(Jt. MD)

Medical Construction
To provide complete construction services viz Design, Civil, Electrical, fire fighting, HVAC, Solar System, Sub- station, Lift etc., under one roof.

Education Construction
Keeping consistent endeavor towards mechanization & specialization by continuous up gradation with latest plant, machinery & equipments available.

Sports Construction
Facilitating us in keeping proper check over quality & honoring deadlines/commitments to time bound completion of project, thereafter earning client satisfaction.

www.ricpl.co.in

BP 22, Opposite Pillar No. 212, West Patel Nagar., Delhi-110008
011-42266700 ramaconstructionco@gmail.com ramacivilindia@gmail.com



मथुरा की खुशबू, गोकुल का हार
वृंदावन की सुगंध, बरसाने की फुहार
राधा की उम्मीद, कान्हा का प्यार
मुबारक हो आपको होली का त्यौहार !

अनिल कंसल (सी एम डी)








#JourneyofInspiringGrowth

INSPIRING GROWTH

FOR INDIAN FARMERS FROM LAST FOUR DECADES!

Crystal Crop works closely with farming community and supports them in improving farm profitability and sustainability by advancing R&D in crop protection, seeds and farm mechanization services. Crystal has a vast range of 80+ products in all categories of crop protection enabling farmers to choose best for their farms.

+91 11 4900 7100 | www.crystalcropprotection.com | info@crystalcrop.com

HAPPY HOLI



Sharda University means SUccess

HAPPY HOLI


Kastubhi
B.Tech.
Google


Davenia S
B.Design
asianpaints


Ayush
BBA LL.B, LL.M
Morgan Stanley

Everyone gets a BIG opportunity in life. 90000+ Shardans took that chance to build a career of their dreams. They learnt from 900+ global faculty and discovered a truly global environment with students from 95+ countries. They discovered practical learning opportunities through Industry training partners. 259 tie-ups with global universities gave students a chance to pursue research, go for exchange programme or get credit transfer. Thousands of students have realised their career dreams in MNCs & leading corporates. WHAT ARE YOU WAITING FOR?


Nitin Yadav
B.Tech.
Infosys


Reetika Singh
BJMC
ZEE MEDIA


N. Gangmei
MBA
EY ERNST & YOUNG

SHARDA UNIVERSITY
Beyond Boundaries

PRESTIGIOUS RECOGNITIONS

| nirf RANKING 2023 | NBA NATIONAL BOARD OF ACCREDITATION TIER 1 | THE Times Higher Education | TIMES ENGINEERING National Ranking 2024 | QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA 2024 |
|---|---|---|---|---|
| 87th RANK IN UNIVERSITY CATEGORY | B.TECH. PROGRAMMES: CSE • Civil • Mechanical Biotechnology • Electrical & Electronics Engineering Electronics & Communication Engineering | Impact Ranking 2024 301-400 | 14 OVERALL \| 12 PLACEMENT \| 7 RESEARCH | RANKED #219 * SOUTH EAST ASIA |

ADMISSIONS OPEN FOR 130+ UG/PG/Ph.D. PROGRAMMES

Engineering | Management | Medical | Dental | Biotechnology | Computer Applications | Genetic Engineering | Stem Cell & Tissue Engineering
Food Science & Technology | Integrated Law | Architecture | Animation, VFX & Gaming | Design | Film, TV & OTT Production | Journalism & Mass Communication
Basic Sciences | Humanities & Social Sciences | Pharmacy | Nursing | Paramedical | Physiotherapy | Languages

UPTO 100% MERIT SCHOLARSHIP/FREESHIP

100% SCHOLARSHIP FOR 100 INNOVATIVE IDEAS

SHARDA UNIVERSITY SUAT 2024 ADMISSION TEST — Apply Now suat.sharda.ac.in



Plot No. 32, 34, Knowledge Park-III, Greater Noida (Delhi-NCR) 0120-4570000 www.sharda.ac.in



WISHING YOU A VERY HAPPY HOLI




Collaboration Agreement signed between Aleksandras Stulginskis University, Lithuania and Sankara Group of Institution for Faculty/Student exchange Programme


Lithuania Dance Group 'Zilvitis' performing at Shankara


Placement Interview by Indian Army

S.K. CHAUDHARY EDUCATIONAL TRUST'S

SHANKARA GROUP OF INSTITUTIONS, JAIPUR

(Approved by AICTE & NCTE, Govt. of India) Leadership in Quality Education

(Affiliated To Rajasthan Technical University & University of Rajasthan)




AWARDED WITH BEST ESTABLISHMENT BRAND - GROUP OF INSTITUTIONS

For Admission Contact : Toll Free No. 1800 3002 0177

College Code : SIT (B.Tech.) - 028 | SIT (MBA) - 285
SIT (MCA) - 138 | SIM - 284 | SISMR - 286

SGI


आप सभी देशवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
Holi Hai
@SethiNagaland
Rajesh Kumar Sethi Jain
National Coordinator
AICC Minority Department
Incharge of Manipur
Former Chairman
Nagaland PCC Minority Department


Wishing you a very Happy HOLI
KLA
Growth with values
Rice Export || Frozen Food
Global Farming || Solar Power
Arun Agarwal
Managing Director
2nd Mile Stone, Kichha Road,Rudrapur – 263153
Distt: U. S. Nagar, Uttarakhand, India


समस्त भारतवासियों को
पावन पर्व होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
HOLI HAI!
डॉ. एस.पी. गुप्ता (सेवानिवृत्त आई.ए.एस)
संस्थापक
कामधेनु आरोग्य संस्थान
शशि गुप्ता
अध्यक्षा
कामधेनु आरोग्य संस्थान
राष्ट्रीय महासचिव
कामधेनु आरोग्य संस्थान
ग्राम बिस्सर-अकबरपुर, नौरंगपुर-हसनपुर-तावडू रोड, नज़दीक ITC Grand Bharat, NCR-हरियाणा
www.kamdhenuwellness.org | kamdhenuarogya@gmail.com


May this Holi bring peace, happiness, and all the colors of joy to your life!
ALL BULLION & JEWELLERS ASSOCIATION DELHI
Yogesh Singhal
Chairman
9873182000
ALL BULLION & JEWELLERS ASSOCIATION (Regd.)
Organization of All India Jewellers
1170, Kucha Mahajani, Chandni Chowk, Delhi - 110006
रमेश गोयल
शरद अग्रवाल
संजीव अग्रवाल
विनय गुप्ता
संजय खजांची
पवन कुमार गुप्ता
अरुण चांडक
दीपक गुप्ता
चर्चित अग्रवाल
एन.के. जैन
अजय अग्रवाल
मनोज गर्ग
अंशुल बंसल
जगमोहन गर्ग
सुधीर मित्तल
पंकज रस्तोगी
राकेश बंसल
पंकज जैन
पंकज चौरडिया
अश्वनी शोकल
आयुष जैन
पंकज गोयल
गोपाल गर्ग
All Bullion & Jewellers Association (Regd.) Kucha Mahajani, Chandni Chowk, Delhi-110006


समस्त देशवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
Basudeo Lohia
Charity Trust
210, Jamunalal Bazaz Street, Lohia market, Kolkata 700007


होली की
शुभकामनाएं
MOTI garden
Indulge in your passion...
Vikas Goyal (Managing Director)
305 Manjusha Building, 57 Nehru Place, New Delhi - 110019, India
Email: info@motigarden.com || www.motigarden.com


www.swissgourmessa.com
होली की
शुभकामनाएं
ORDER ONLINE
CHEMICAL FREE
Our Food Is Totally Chemical Free
FRESH FOOD
We Prepare All Our Items On Pre-Orders Only, We Serve You With Fresh Food
TO YOUR DOORSTEP
We Deliver Orders Fresh To Your Doorstep
SANITISED ENVIRONMENT
Highest Standard Disinfection And Cleaning
swiss gourmessa
MAKE WITH LOVE
H-56,sector 63,Noida
Visitors are welcome: 11:00 AM – 06:00 PM (Mon-Sat)
Contact no: +91-8376949494


जालान समूह द्वारा गोरखपुर में निर्मित
ANKUR
होली की
शुभकामनाएं
TMX सरिया
उत्तर प्रदेश का सबसे
आधुनिक स्टील प्लांट
विश्वास वही तकनीक नयी
BLOCK MILL &
THERMEX
TECHNOLOGY
INTEGRATED
STEEL PLANT
अंकुर उद्योग लिमिटेड (स्टील डिवीज़न)
ए0 एल0- 2 सेक्टर- 23, गीडा, सहजनवा, गोरखपुर
FOR MORE INQ. 6390 155 155, 6390 166 166

# प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र




नेशनल एक्सप्रेस

रायबरेली। जनपद रायबरेली के सामुदायिक भवन रतापुर में सदर/सलोन विधानसभा क्षेत्र की नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग, उ०प्र०/ जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान रहे। इस कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री तथा सदर विधायक अदिति सिंह, सलोन विधायक अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा कुल 77 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

प्रभारी मंत्री द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि जनपद रायबरेली में कुल 350 रिक्त/विज्ञप्ति पद के सापेक्ष 337 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है, तत्क्रम में विधानसभा क्षेत्र सलोन की 61, विधानसभा सदर की 16 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों नियुक्ति पत्र वितरित किया गया शेष अन्य विधानसभाओं में भी जल्द ही नियुक्त पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। नव नियुक्त आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण करने वाला प्रदेश का दूसरा जिला रायबरेली है जहाँ नवनियुक्त आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया साथ ही पोषण पखवाड़ा मार्च 2025 का शुभारम्भ भी किया गया ।

पोषण पखवाड़ा के अन्तर्गत 16 मार्च से 31 मार्च 2025 तक जनान्दोलन के तहत समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों समस्त लाभार्थियों के पोषण स्तर में सुधार हेतु व्यापक गति विधियाँ सम्पन्न करेंगी। प्रोबेशन विभाग द्वारा संचालित स्पांसरशिप योजना के तहत चयनित पात्र लाभार्थियो का प्रमाणपत्र वितरित किये गये।

प्रभारी मंत्री द्वारा नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री को होली की बधाई देते हुए पूर्ण निष्ठा से कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी राही गौरी राठौर व समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी व मुख्य सेविका उपस्थित रही।

# रंगों से नहीं, इस बार अबीर-गुलाल से खेलेंगे होली



## त्वचा का बचाव बेहद जरूरी

होली पर बच्चे और बड़े जमकर रंग खेलेंगे। इसका असर त्वचा पर सबसे अधिक पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि रंग खेलने से पहले चेहरे और गर्दन पर वैसलीन या सरसों का तेल लगा लिया जाए। केमिकल रंगों से बचा जाए और हर्बल रंग से होली खेली जाए।

**- डॉ. मोहम्मद सिद्दीकी, त्वचा रोग विशेषज्ञ, जिला अस्पताल**

## मुखौटे और जोधपुरी पगड़ी की बढ़ी मांग

बच्चों को मुखौटे भी बहुत पसंद आ रहे हैं, वहीं क्रिस मुखौटा छोटे बच्चों को पसंद आ रहा है। इसी तरह बच्चों के लिए ही जोधपुरी पगड़ी भी आई है। इनकी कीमत 80 रुपये से 100 रुपये तक है। हनुमान जी का चेहरा और छोटा भीम मुखौटा भी बाजार में अलग छाप छोड़ रहे हैं। दोपहर में खरीदारी की भीड़ कम रहती है, लेकिन शाम के समय जमकर खरीदारी हो रही है।

नेशनल एक्सप्रेस

रायबरेली। इस बार अधिकतर लोग सूखी होली खेलने के मूड में हैं। रंगों में केमिकल की मिलावट का डर तो है ही साथ उसको छुड़ाने में भी दो-चार दिन लग जाते हैं। इसलिए रंगों से परहेज कर अबीर-गुलाल पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। गुलाल इस बार बाजार में बिक भी खूब रहा है। हर्बल, सेंटेड और गुलाल गन जैसी वैराइटी में गुलाल इस बार बाजार की रौनक बढ़ा रहे हैं।

कुछ वर्षों से सूखी होली खेलने का ट्रेंड बढ़ा है। यही कारण है कि दुकानों में पानी में घोलने वाले रंग कम दिख रहे है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार होली पर दस किलो रंग भी नहीं बिकेगा। वहीं अबीर-गुलाल एक क्विंटल तक बिक जाएगा। बच्चों को छोड़कर कोई भी रंग की ओर अधिक आकर्षित नहीं है, वहीं बच्चों में भी गुलाबी रंग पहली पसंद है। बैंगनी रंग बाजार से गायब है और हरा रंग भी कम ही दिख रहा है। केमिकल रंगों से बचने के लिए लोग ब्रांडेड डिब्बी वाला रंग खरीद रहे हैं। खुला रंग पूरी तरह से प्रतिबंधित है। शहर में सबसे बड़ा रंग का बाजार सुपर मार्केट में लगा हुआ है। इस समय वहां पर भीड़ और बच्चों के चहकते चेहरे नजर आ रहे।

पापा और मम्मी से पिचकारी और रंग की डिमांड की जा रही है। वहीं मम्मी पापा भी अपने बच्चे की ख्वाहिश को पूरा करने में लगे हैं। बच्चों की निगाह अवेंजर्स पिचकारी, बाहुबली पिचकरी, स्नो फॉग पर अधिक है। अवेंजर्स में आइरन मैन लोगो की पिचकारी को बच्चे बहुत अधिक पसंद कर रहे हैं। खास बात यह है कि पिचकारी चार्जेबल है। पहली बार डिजिटल पिचकारी बाजार में आई है और इसकी कीमत 500 रुपये से एक हजार रुपये तक है। गुलाल का स्टॉक कानपुर के हटिया से आया है। एक हजार रुपये तक गुलाल बिक रहा है। इसमें 100 ग्राम से लेकर आधा किलो के पैकेट हैं। हर्बल गुलाल हर रंग में उपलब्ध है। इनकी कीमत 150 रुपये से लेकर 200 रुपये तक है। ब्रांडेड कंपनी का गुलाल और अबीर आधा किलो और 250 ग्राम के पैकेट में मिल रहा है।

# हत्या के मामले में पांच दोषियों को उम्र कैद, दो बरी

नेशनल एक्सप्रेस

रायबरेली। जिला एवं सत्र न्यायालय में अमेठी जिले के मोहनगंज थाना क्षेत्र में करीब साढ़े तीन साल पहले हुई युवक की हत्या के मामले की कोर्ट ने पांच अभियुक्तों को दोषी करार माना है। कोर्ट ने दोषियों को उम्रकैद के साथ ही साढ़े 24-24 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जबकि पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में दो आरोपियों को बरी कर दिया गया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 17 मई 2021 की रात करीब 8.40 बजे फूला निवासी बृजेश कुमार सिंह अपने भाई लल्लन सिंह व दो अन्य लोगों के साथ फूला गांव आ रहे थे। बृजेश सिंह और उनके भाई लल्लन सिंह एक बाइक पर थे और उनके दो साथी दूसरी बाइक पर सवार थे। रास्ते में फूला गांव के बाहर नारेंद्र सिंह उर्फ पिंकू, रवींद्र सिंह, रोहित सिंह,अमरेश सिंह उर्फ सज्जन सिंह,अंकुर सिंह ने बृजेश कुमार सिंह और उनके साथ के लोगों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान नारेंद्र सिंह उर्फ पिंकू ने तमंचे से गोली मारकर लल्लन सिंह की हत्या कर दी।

पुलिस ने विवेचना के बाद ग्राम कोटवा मजरे फूला निवासी नारेंद्र सिंह उर्फ पिंकू, रोहित सिंह, रवींद्र सिंह एवं फूला निवासी अंकुर सिंह, अमरेश सिंह उर्फ सज्जन, अमृतलाल व सत्यभान सिंह उर्फ मुन्ना के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित कोर्ट संख्या दो के अपर सत्र न्यायाधीश अमित कुमार पांडे ने साक्ष्य व गवाही के आधार पर नारेंद्र सिंह उर्फ पिंकू, रवींद्र सिंह, रोहित सिंह,अंकुर सिंह व अमरेश सिंह उर्फ सज्जन सिंह को दोषी करार मान सजा सुनाई। जबकि पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में अमृतलाल व सत्यभान सिंह उर्फ मुन्ना को बरी कर दिया गया।

## 103 लीटर रिफाइंड ऑयल और 60 किलो कचरी जब्त

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली। जिले में होली पर मिलावटखोरी के खिलाफ चल रहे अभियान में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने 103 लीटर सोयाबीन रिफाइंड ऑयल और 60 किलो कचरी जब्त कर ली। छह खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। दुकानों पर कमियां मिलने पर संचालकों को नोटिस देकर सुधार लाने के आदेश दिए गए।

अभिहित अधिकारी डॉ. सीआर प्रजापति ने बताया कि गुरुबख्शगंज और महराजगंज में अभियान चलाया गया। गुरुबख्शगंज स्थित राकेश किराना स्टोर से एफएसओ हरेंद्र सिंह सोयाबीन रिफाइंड का नमूना भरा। गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत होने पर 103 किलो रिफाइंड को जब्त कर लिया। गुरुबख्शगंज में ही किराना स्टोर से रंगीन कचरी का नमूना लेकर 60 किलो रंगीन कचरी जब्त की गई। यहीं से नमकीन का नमूना भरा। महराजगंज स्थित किराना स्टोर से कायम ब्रांड पान मसाला का नमूना भरा। एक अन्य दुकान से काजू का नमूना भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा।

## न्यूज ब्रीफ

### नहर में मिला युवक का शव, जांच शुरू

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली ।बछरावां थाना के अन्तर्गत शारदानहर में संदिग्ध परिस्थितियो में युवक का शव मिला है ।जिसका शव मिलने के बाद अलग अलग चचाएं है ।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक की षिनाख्त नही हो पाया है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

### युवती नहर में समायी, खोजबीन जारी

रायबरेली ।मिलएरिया थाना के गांव गांव गड़रियनकापुरवा निवासिनी आरती देवी अपने गांव के निकट शारदानहर में एकाएक समा गई जिसकी खोजबीन जारी था ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच करवाया जा रहा है।

### महिला संदिग्ध परिस्थितियो में लापता

रायबरेली ।सलोन थाना के गांव हटका निवासिनी बिट्टी देवी ऊंचाहार थाना के गांव हमिदपुरबड़ागांव जलाभिषेक करने गई थी जहां से संदिग्ध परिस्थितियो में लापता हो गई ।जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच की जा रही है।

### घायलावस्था में युवक अचेत मिला

रायबरेली ।बछरावां थाना के गांव चुरूवापश्चिम के पास संदिग्ध परिस्थितियो में घायलावस्था में बाइक सवार राजनारायण निवासी नगराम जिला लखनऊ अचेत मिला है ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच की जा रही है।

### पति ईट भट्ठा से मजदूर लापता

रायबरेली ।खीरो थाना गांव गणेषपुर सुभाष संदिग्ध परिस्थितियो में ईंट भट्ठा से लापता हो गया ।जिसको लेकर थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति पर आरोप लगाया गया है ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच करवाया जा रहा है।

### दिवार गिरने से दंपत्ति घायल

रायबरेली ।खीरो थाना के गांव दुंन्टखेड़ा निवासिनी सावित्री व उनके पति अषोक दिवार के मलवे में दबने से गंभीर घायल हो गए ।जिनको प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच करवाया जा रहा है।

### अवैध कब्जा हटवाया

रायबरेली ।सदर तहसील के अन्तर्गत अलीमियाकलोनी में अवैध कब्जा करने पर जेसीबी के माध्यम से लाखों की संपत्ति का अवैध कब्जा हटवाया गया है ।एसडीएम ने बताया कि जांच की जा रही है।

### हनुमान मंदिर पर अवैध कब्जा करने की शिकायत

रायबरेली ।नगर तहसील के एकताविहार कलोनी में हनुमान मंदिर में अवैध कब्जा किया गया है ।जिस अवैध कब्जा करने की आरोपितों पर आरोप लगाया है ।एसडीएम ने बताया कि जांच किया जा रहा है।

### दूसरा दूल्हा बनकर पहुंचा दुल्हन लेने

रायबरेली ।मिलएरिया थाना के अन्तर्गत गांव राघनपुर में हरियाणा से दूल्हा दुल्हन से शादी करने पहुंचे थे ।जहां पर दुल्हन को जो दूल्हा का फोटो दिखाया गया था वो नही था जिस बात पर शादी करने से इंकार कर दिया ।जिसके बाद आनन फानन दूल्हा समेत कई को पुलिस ने गिरफ्त में लेकर जांच में जुट गई है ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच की जा रही है।

### गंगा बैराज पुल पर लोडर पलटा, तीन की मौत व 16 घायल

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली -कानपुर के गंगा बैराज इलाके में हुए एक हादसे में एक लोडर पलट गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई व 16 घायल हो गए। कानपुर के गंगा बैराज पुल पर मंगलवार की रात को तेज रफ्तार लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और 16 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उर्सला से हैलेट रेफर कर दिया गया। भोजपुर कस्बा की कुशमा पति रामसजीवन, बेटी संगीता अपने 1 साल के बेटे कृष्णा व फतेहपुर निवासी सूरजकली सहित 23 लोग लगभग 20 दिन पहले शिवराजपुर में खेतों में आलू की बिनाई के लिए गए थे। मंगलवार को काम खत्म होने के बाद सभी भोजपुर के लिए लोडर से सवार होकर चल पड़े। शिवराजपुर से वापसी के दौरान लोडर कानपुर के गंगा बैराज पुल के पास पहुंचा तो लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में भोजपुर निवासी रामसजीवन की पत्नी कुशमा ( 40) उनका नाती कृष्णा (01) व सूरजकली (50) निवासी फतेहपुर की मौत हो गई। वहीं 16 घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए उर्सला कानपुर भेजा, उसके बाद सभी हैलेट रेफर कर दिए गए।

# प्रेम और सद्भाव से मनायें होली का पर्व: चौधरी ईशम सिंह

नेशनल एक्सप्रेस

बिजनौर/नजीबाबाद। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी ईशम सिंह ने पूर्व भाजपा प्रत्याशी सदस्य जिला पंचायत वार्ड दो प्रमोद गिरि के साथ क्षेत्र के मुस्सेपुर, जटपुरा, गुढा, सैदाबाद, काठपुर सहित कई गांव में भ्रमण कर गांव के सम्मानित नागरिकों से होली प्रेम उत्साह उमंग से मनाने का आह्वान किया।

साथ ही उन्होंने समाज के सभी धर्मो के गणमान्य नागरिकों से अपील की कि वह होली के त्यौहार को त्यौहार के अंदाज में मनाए सभी धर्म के व्यक्तियों का सम्मान करते हुए किसी की भावनाओं के साथ खिलवाड़ ना करें।

उन्होंने कहा कि हमारा क्षेत्र बहुत ही शांतिप्रिय और एक साथ मिलकर रहने वाले लोगों का क्षेत्र है इसलिए कोई ऐसा कृत्य ना करें जिससे कि हमारे आपसी



मधुर संबंध खराब हों। भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने ग्राम पंचायत मुस्सेपुर में विशेष कर अपने ग्राम वासियों से आह्वान किया कि हम सब का दायित्व है कि हमारे क्षेत्र में होली का त्योहार बहुत ही शांति के साथ व्यतीत हो इसके लिए गांव के सम्मानित ग्राम प्रधान, सदस्य क्षेत्र पंचायत एवं गणमान्य नागरिकों का दायित्व है कि वह नशे से दूर रहकर दूसरों को भी नशे से दूर रहने का आह्वान करें ताकि हमारा होली का त्यौहार हर्ष और उल्लास से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि त्योहार पर गड़बड़ी करने वालों के लिए हमारे स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चुस्त दुरुस्त है।

साथ ही उन्होंने युवाओं से विशेष अपील की सड़कों पर अनावश्यक रूप से भाग दौड़ न करें। इस मौके पर डा रितेश सेन, कृष्ण पाल सिंह, मुकेश अग्रवाल, सुमित गुर्जर,चौधरी रोहतास सिंह,उत्तर प्रदेश सरकार से नामित सभासद दीपक कुमार, युवी चौधरी, मनोज उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# सन शाइन स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर दी बधाई

नेशनल एक्सप्रेस

बिजनौर। सन शाइन पब्लिक स्कूल नजीबाबाद में होली के पर्व को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय के सभी छोटे-बड़े छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल व रंग लगाकर साथ ही साथ गले मिलकर होली की बधाई दी। बच्चों ने शेर, बंदर, भालू आदि के मुखौटे पहनकर माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। बच्चों के साथ-साथ विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल व प्राचार्य आलोक अग्रवाल व समस्त स्टॉफ ने भी एक-दूसरे को



रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर प्रबंधक विनोद मित्तल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का पर्व रंगों की अनेकता में एकता का प्रतीक है। सभी इसे स्नेह व एकता के साथ मनाना चाहिए। सभी को होली का पर्व सही व सुरक्षित ढंग से खेलना चाहिए उन्होंने सभी के जीवन में रंगों के जैसी रंगत भरी रहने की कामना भी की इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों अनु, नीलम, माधवी, रेणु, पिंकी, निधि, नेहा, मोनिका, रिया,तनु, अफरोज, खुशबू, सुरभि, हिमानी, मानसी, सलोनी आदि उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

नेशनल एक्सप्रेस/बिजनौर । नजीबाबाद बिजनौर मार्ग पर कार और बाईक की जोरदार टक्कर में बाईक सवार महिला की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बीति शाम बिजनौर मार्ग स्थित दाउदपुर नंहेड़ा के समीप कार और बाईक की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाईक पर सवार रामवती पत्नी ब्रहमा सैनी निवासी ग्राम रानीपुर नंगला थाना नजीबाबाद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि राजपाल पुत्र ब्रहमा सिंह व ब्रहमा सिंह निवासीगण रानीपुर नंगला गंभीर रूप से घायल हो गये।

# धूमधाम के साथ निकाला गया होली हवन कल्याण समिति का जुलूस

## समाजसेवी अवनीश अग्रवाल टांडे वाले ने विधि विधान के साथ किया शुभांरभ

नेशनल एक्सप्रेस

बिजनौर। होली हवन कल्याण समीति के तत्वाधान में होली का जलूस धूमधाम से निकाला गया। हुलियारों ने होली का हुड़दंग मचाते हुए ढोल नगाड़ों की थाप पर जमकर होली खेली और एक दूसरे को होली की बधाई दी। मंगलवार को को होली हवन कल्याण समीति के तत्वाधान



में रेलवे स्टेशन से प्रारम्भ होने वाले जलूस का शुभारम्भ पंडित अभय अग्रवाल ने हवन यज्ञ एंव प्रयाण ग्रुप के डायरैक्टर वरिष्ठ भाजपा नेता अवनीश अग्रवाल टांडे वाले ने विधि विधान के साथ पूर्जा अर्चना कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सभी पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देते है पर्वो को मिलजुल कर मनाना चाहिए। जलूस में हुलियारों ने डीजे और ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरकते हुए जमकर होली खेली और एक दूसरे के ऊपर रंगो की बोछार की गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली के जलूस को लेकर युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। युवाओं ने जमकर रंगो की बरसात करते हुए होली की शुभकामनाएं दी। होली का जलूस रेलवे स्टेशन से प्रारम्भ होकर कल्लू गंज, चौक बाजार, साहू शान्ति प्रसाद जैन से होता हुआ संतोषी माता टीला मंदिर तट पर पहुंच कर समाप्त हुआ। अयोजक अरूण शर्मा, संदीप वर्मा नेतृत्व में निकाले गये जलूस में संजीव चौहान, मुकुल रंजन दीक्षित, आशु अग्रवाल, अभिषेक तडियाल, रमन गुप्ता, राजीव ग्रोवर, दीपक वालिया, अरूण शर्मा, मोनू, मनोज अग्रवाल, नीरज पाल एड., कुलदीप, दीपक शर्मा, मयंक शर्मा आदि शामिल रहे।

# ऑफिशियल विजिट सफलता पूर्वक हुई सम्पन्न, मनाया होली महोत्सव

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल। गुरुवार को रोटरी अमन की ऑफिशियल विजिट मंडलाध्यक्ष 3100 रो0 दीपा खन्ना ने, रो0 अनिल खन्ना और असिस्टेंट गवर्नर ऑफ ऑफिसियल विजिट रो0 पराग पोरवाल ने की। फ्अऋ रो0 विजय कुमार , `अऋ रो0 लोकेश वार्ष्णेय के साथ सभी अधिकारियों ने क्लब द्वारा किये गए कार्यों की समीक्षा की और अत्यधिक प्रसन्नता प्रकट की तथा चन्दौसी में क्लब को सर्वश्रेष्ठ बताया। उसके बाद डछऋ फार्म हाउस में होली का उत्सव मनाया गया जहाँ महादेव आर्ट ग्रुप द्वारा होली का रंगोत्सव, फूलों की होली,राधा कृष्ण नृत्य किया गया। तोल मोल के बोल गेम रो0 टीटेश काका द्वारा कराया गया। एनीज वीनेश वार्ष्णेय का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया।






इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अमित अप्पू , सचिव अतुल गुड्डू ,कोषाध्यक्ष मोहित सर्राफ, राहुल बिंदल, भुवनेश बाबू जी, गिरीश हीरो,भूपेन्द्र मेडिकल, पवन साडीज, प्रवीन पीनू ,प्रदीप वार्ष्णेय,विकास मेन्था,राहुल अग्रवाल, पंकज, शरद, विशाल, दीपेश, संजय, संजीव,नितिन, कमल किशोर, कल्पना, साधना, स्वाति, रेखा, अंशु, श्वेता, शुभ्रा, सपना, साक्षी,शुभा, गार्गी, पूजा, अर्पिता, रितिका, करुणा, कविता, बीना, मनी, कनिष्का, परी, अदिति,गुन, आदित्य, गुनगुन आदि मौजूद रहे।

# नाज़िर खान के आवास पर कुरआन ए पाक हुआ मुकम्मल



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल। हयात नगर में नाज़िर खान के घर हाफिज नदीम मंसूरी साहब ने कुरआन ए पाक मुकम्मल किया । नाजिर खान ने कहा कि रमजान का महीने बहुत बरकतों, रहमतों, फजीलतो का महीना है इस महीने में अल्लाह ताला कि रजा के लिए जितनी भी इबादत कि जाय वो कम ही है अल्लाह ताला कि रजा हासिल करने के लिए हमें अल्लाह अल्लाह कि तस्बीह पड़नी चाहिए अल्लाह के हुक्म पर अमल करना चाहिए अल्लाह ताला कि बंदिगी करनी चाहिए अल्लाह ताला के रसूल मुहम्मद साहब कि सुन्नतों पर अमल करना चाहिए रमजान के महीने में रोजे रख कर अल्लाह ताला कि रजा हासिल करनी चाहिए माहे रमजान में नमाजे तरावीह अदा करनी चाहिए यह मुहम्मद साहब कि सुन्नत है हमे अल्लाह ताला के रसूल कि एक एक सुन्नत को अपनाना चाहिए हाफिज नदीम साहब ने माहे रमजान के नमाजे तरावीह अदा कराई और कुरआन ए पाक मुकम्मल किया इस खुशी के मौके पर नात शरीफ पड़ी गई कुलपांजब हुई और आखिर में दुआ कि गई आपसी भाईचारा कायम रहे एकता इत्तेफाक अमन का पैगाम देना चाहिए खुलूस मोहब्बत एक दूसरे कि इज्जत करना चाहिए। इस दौरान हाजी आमिर, नाजिर खान,रुशान खान, अनीस अंसारी, हाफिज जफीर, मुनीब खा, मुजीब खा, शरीफ खा, आदि मौजूद रहे !

# डीएम और एसपी ने कानून व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत की पैदल गस्त



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल। गुरुवार को जिलाधिकारी सम्भल डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा कस्बा सम्भल में होलिका दहन व होली पर्व एवं कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत मुख्य मार्गों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पैदल गस्त की गयी एवं सुरक्षा सम्बन्धी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत की गई।

तदोपरान्त निमार्णाधीन नवीन सत्यव्रत पुलिस चौकी के निर्माण सम्बन्धी कार्य का जायजा लिया गया एवं कार्य को जल्द पूरा किये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) जनपद संभल श्रीश्चन्द्र, क्षेत्राधिकारी सम्भल आदि अधिकारीगण मौजूद रहें।

# राजन सिंह कठेरिया को अधिवक्ता सभा का बनाया जिला महासचिव



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी गुरुवार को ग्राम जमापुर अमरोहा में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के मंडल अध्यक्ष (मुरादाबाद मंडल) जसपाल सिंह के आवास पर किसानों की समस्याओं का समाधान के लिए एक संयुक्त मीटिंग हुई जिसमें सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें मीटिंग के दौरान जसपाल सिंह मंडल अध्यक्ष (मुरादाबाद मंडल) एव रजत सिंह युवा प्रदेश सचिव के द्वारा राजन सिंह कठेरिया एडवोकेट निवासी चंदौसी को उनके किसान हित में कार्यों को देखते हुए अधिवक्ता सभा के जिला महासचिव संभल मनोनीत किए गया और अभिषेक यादव को भारतीय किसान यूनियन में मंडल महासचिव मुरादाबाद मंडल मनोनीत किया गया।

इस दौरान बैठक में अभिषेक यादव मंडल महासचिव, शिवकुमार सैनी जिला उपाध्यक्ष, सचिन पारीक,रजत यादव, अजय सैनी एडवोकेट आदि उपस्थित रहे ।

# पाइप लाइन कार्य शुरू, मोहल्लेवासियों में खुशी

नेशनल एक्सप्रेस

बिजनौर। नजीबाबाद नगर पालिका सभासद शिवम अग्रवाल के अथक प्रयासों के चलते मौहल्ला सब्नीग्रान में पाईप लाईन डालने का काम शुरू होने पर वार्ड वासियों ने खुशी का इजहार किया। मौहल्ला सब्नीग्रान वासियों काफी समय से पानी की समस्या से जूझ रहे थे लोगों को सड़क पर लगे हेडपम्प से पानी लाना पड़ता था। शिवम अग्रवाल ने बताया कि उनके बड़े भाई लवी अग्रवाल ने पानी की समस्या का समाधान कराये जाने का वादा किया था। वादा के मुताबिक मौहल्ला सब्नीग्रान में पाईप लाईन का कार्य शुरू करा दिया है। पाईप लाईन का कार्य शुरू होने से लोगों को अब पानी की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा।



## यूपी सरकार ने डीजी आशीष गुप्ता का वीआरएस स्वीकार किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी आशीष गुप्ता के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस ) के प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर लिया है। आशीष गुप्ता वर्तमान में डीजी रूल्स एंड मैनुअल के पद पर तैनात थे। आशीष गुप्ता ने हाल ही में वीआरएस का अनुरोध किया था, जबकि उनकी सेवा में अभी लगभग 22 महीने का कार्यकाल शेष था। उन्हें जून 2023 में डीजी रूल्स एंड मैनुअल के पद पर नियुक्त किया गया था।

सरकार द्वारा वीआरएस के आवेदन को मंजूरी देने के बाद, यह तय हो गया है कि आशीष गुप्ता अब अपने पद से सेवानिवृत्त हो जाएंगे। हालाँकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने वीआरएस का अनुरोध किस कारण से किया।

## रजत बने जिला संयोजक

नेशनल एक्सप्रेस

बिजनौर। आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना सासंद चंद्रशेखर आजाद, पूर्व एमएलसी प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़ के निर्देश पर मंडल संयोजक प्रशांत महासागर ने ग्राम सिकरौड़ा राजपुर नवादा निवासी रजत कुमार को आजाद समाज पार्टी काशीराम मुस्लिम भाईचारा कमेटी का जिला संयोजक मनोनीत किया है। जिला संयोजक बनाये जाने पर रजत कुमार ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह मुस्लिमों को अधिक से अधिक पार्टी से जोड़ने का काम कर संगठन को मजबूत करने का काम करेगे।

# कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने हिंदू भाइयों के बीच रंग गुलाल पैकेट वं पिचकरिया की वितरित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

सम्भल। गुरुवार को प्रेम और स्नेह के पर्व होली के शुभ अवसर पर संभल कांग्रेस शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद द्वारा आलम सराय तिराहे पर हिंदू भाइयों के बीच पहुंचकर उन्हें रंग गुलाल के पैकेट एवं पिचकरिया वितरित कर होली के रंग में खुशियां भरने का काम किया तथा हिंदू भाइयों को और पिचकारी एवं गुलाल ले रहे बच्चों को होली की मुबारकबाद पेश की जहां एक और कुछ शरारती तत्व चाहे वह समाज में हो या किसी राजनीतिक पार्टी में देश की एकता और अखंडता को भारत की गंगा जमुनी तहजीब को नफरत की बातों से राजनीतिक लाभ लेने के लिए बिगाड़ना चाहते हैं।

वही वक्त की आवश्यकता के अनुसार कांग्रेस शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद के द्वारा हिंदू भाइयों के बीच पहुंचकर उन्हें गुलाल और पिचकरिया भेंट कर होली की मुबारकबाद पेश की तथा देश की गंगा जमुना तहजीब को बनाए रखना एवं आपसी भाईचारा और देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाए रखने के लिए हिंदू भाइयों को होली की मुबारकबाद पेश की साथी मुस्लिम भाइयों से अपील की की भाईचारा बनाए रखें यदि किसी पर धोखे से रंग गिर जाए तो बुरा न माने हैप्पी होली कर आगे बढ़ जाए और क्योंकि कल जुम्मा भी है अतः जहां भी उनके करीब की मस्जिद हो वहां जुम्मे की नमाज अदा करें। इस अवसर पर साथ में वीर सिंह सागर, अकील अहमद, मोहम्मद अजीम आदि भी गुलाल और पिचकारी वितरित करते समय उपस्थित रहे।





# शादी से इंकार करने पर एक युवक ने घर में घुसकर हत्याकांड को दिया अंजाम

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । जनपद के थाना उत्तर क्षेत्र में एक युवती द्वारा शादी से इनकार करने पर एक युवक ने दिन दहाड़े युवती के घर के घुसकर उसके भाई की हत्या कर दी। फिर उसी के घर में कमरा बंद करके सुसाइड कर लिया। उसने बेटी को बचाने आई मां को भी घायल कर दिया। वारदात गुरुवार सुबह 6 बजे उत्तर थाना क्षेत्र के टापा कला की है।



पुलिस ने बताया कि सचिन जैन, पत्नी अंजली, मां राजकुमारी और दो बहनों पूजा जैन और मुस्कान जैन के साथ गांव में साथ रहते थे। सचिन ने अपनी बड़ी बहन पूजा की शादी की थी, लेकिन उसका पति से तलाक हो गया था। इसके बाद से वह सचिन के घर पर ही रहने लगी थी। इसी बीच सचिन ने पूजा की दोबारा शादी करने की सोची। 4 महीने पहले उसने राजस्थान के भरतपुर में रहने वाले संतोष जैन से पूजा की शादी तय कर दी। शादी तय होने के बाद संतोष का सचिन के घर आना-जाना शुरू हो गया था। वह अक्सर पूजा से मिलने के लिए घर आया करता था। सचिन को संतोष का बार-बार घर आना पसंद नहीं था। इसके अलावा सचिन को संतोष के बारे में कुछ ऐसा पता चला कि उन्होंने बहन की शादी संतोष से कराने से इनकार कर दिया। इस बात से संतोष भड़क गया। उसे लगा कि सचिन की वजह से उसकी शादी नहीं हो पा रही है। गुरुवार सुबह करीब 6 बजे संतोष अचानक सचिन के घर पहुंचा। सचिन ने अंदर आने से मना किया, तो संतोष ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। सचिन चिल्लाता हुआ घर के बाहर भागा तो संतोष उसके पीछे दौड़ा और लगातार चाकू मारता रहा।

चीख-पुकार सुनकर सचिन की मां राजकुमारी बीच-बचाव करने आ गई। इस पर संतोष ने उन पर भी चाकू से हमला कर दिया। चाकू के कई हमलों के बाद सचिन खून से लथपथ होकर घर के बाहर जमीन पर गिर पड़ा। सचिन की हत्या करने के बाद संतोष भागता हुआ उसके घर के अंदर घुस गया। उसने अंदर से कमरा बंद कर लिया। इसके बाद कमरे में रखी साड़ी ने फंदा बनाकर लटक गया। वारदात की सूचना पर एसएसपी सौरभ दीक्षित मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर संतोष को फंदे से उतारा और अस्पताल ले गई। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

सचिन की पत्नी अंजली जैन ने बताया- मेरे सामने मेरे पति की हत्या कर दी गई। मेरी ननद की शादी तय हुई थी। बाद में पति ने शादी कराने से इनकार कर दिया था।

इससे नाराज उसके मंगेतर संतोष ने सुबह घर में घुसकर हमला बोल दिया। मेरे पति को मार डाला। मेरी सास का भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। संतोष की आदतें सही नहीं थी। शादी तय होने के बाद आए दिन घर आ जाता था।

# हरियाणवी सितारों के ठुमकों पर झूमेंगे लोग, संस्कृति मनोरजंन का दिखेगा संगम

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

सिरसागंज । नगर सिरसागंज में लगने वाले मेला तीज महोत्सव की तैयारियां धूमधाम के साथ शुरू हो गईं हैं। इस बार मेले को आकर्षक और भव्य बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। रामलीला मैदान में झूले लगने शुरू हो गए है, जिसे देख नगर के लोगों का उत्साह भी बढने लगा हैं। जन सांस्कृतिक परिषद के द्वारा मेले में इस बार हरियाणा के प्रमुख सुप्रसिद्ध कलाकारों को बुलाया जा रहा है, जिन्हें देखने और सुनने के लिए पुराने बस स्टैंड पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ेगी। जिसको लेकर भी इंतजाम करने प्रारंभ कर दिए गए है। बता दें कि जन सांस्कृतिक परिषद द्वारा नगर में प्रतिवर्ष तीज मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार भी 17 मार्च से ये मेला प्रारंभ हो रहा है। मेले के सफल आयोजन के लिए जन सांस्कृतिक परिषद द्वारा तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। 20 मार्च को खाटूश्याम भजन संध्या व ब्रज की होली, 21 मार्च को संगीत नृत्य नाटिका महाकुम्भ, 22 मार्च को हरियाणवी गायक अजय हुडडा का लाइव शो, 23 मार्च को



प्रांजल दाहिया का लाइव डांस शो, 24 मार्च को बॉलीवुड नाइट एवं डांस शो, 25 मार्च को रागिनी गायक शिवानी गोला का कार्यक्रम होगा। 26 मार्च के अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उत्तराखण्ड की गौरी मिश्रा, गौरव चौहान व लूटरी लठ्ठ जैसे कवि शामिल होंगे। जन सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष पत्रकार संजय शर्मा ने बताया कि अजय हुडडा व प्रांजल दाहिया जैसे बडे कलाकारों के प्रोग्राम को देखते हुए विशेष इंतजाम किए गए है। इस बार का मेला पूर्व के मेलों से भव्य होगा, जिसके अनुसार ही तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार का मेला मनोरंजन और संस्कृति के संगम से अपने विशेष रूप को प्राप्त करेगा। हमारा प्रयास होगा कि अधिक से अधिक लोग मेले में पहुंचकर सिरसागंज की इस प्राचीन धरोहर को समझें।

## न्यूज ब्रीफ

### त्योहारों पर पुलिस अधिकारियों ने नगर में पैदल मार्च कर दिलाया सुरक्षा का एहसास



नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज । होलिका दहन, होली, ईद-उल-फितर आदि त्यौहारों को सकुशल एवं सुरक्षित सम्पन्न कराने को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अखिलेश भदौरिया, क्षेत्राधिकार सिरसागंज अनवेश कुमार, थाना प्रभारी सिरसागंज वैभव कुमार ने भारी पुलिस फोर्स के साथ नगर सिरसागंज में पैदल मार्च कर होली एवं रमजान के त्योहारों पर आम जनों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। नगर के प्रमुख मार्गों, चौराहों संवेदनशील स्थानों एवं मिश्रित आबादी पर पहुंच कर आमजन लोगों से त्योहारों को भाईचारे के साथ मनाने व शांति व्यवस्था रखने की अपील की और बताया कि पुलिस टीम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ( एक्स (ट्वीटर), व्हाटस्एप, फेसबुक, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम आदि पर 24 घंटे सतत निगरानी रखी जा रही है।

### होली की खरीददारी को लेकर बाजार में उमड़ी रही लोगों की भीड़



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना। शुक्रवार को होली का त्यौहार मनाया जाएगा। इससे पूर्व बाजार में खरीददारी करने के लिए महिलाओं एवं पुरुषों की भीड़ कस्बा जसराना के साथ पाढ़म में लगी रही। इस दौरान कस्बा में जाम के हालात बने रहे। युवाओं एवं बच्चों ने रंग और गुलाल खरीदा। रंगों के पर्व को मनाने के लिए लोग बृहस्पतिवार को खरीददारी करते हुए दिखाई दिए। होली की पूजा के लिए सायं के समय महिलाएं होलिका दहन के स्थान पर पहुंची। जहां उन्होंने होली का पूजन अर्चन किया। वहीं कस्बा जसराना एवं पाढ़म के बाजारों में महिलाओं एवं पुरुषों की भीड़ दिखाई दी। परचून की दुकानों के साथ हलवाई की दुकानों से लोगों से सामान खरीदा। युवाओं के साथ बच्चों ने होली खेलने के लिए रंग और गुलाल खरीदा। देर सायं तक पिचकारी की दुकानों पर भीड़ लगी रही।

### आईएएस घनश्याम सिंह समेत चार अधिकारी हुए बहाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने लखीमपुर खीरी में खेत की पैमाइश लटकाए रखने के मामले में निलंबित किए गए आईएएस घनश्याम सिंह समेत चार अधिकारियों को बहाल कर दिया है। इन अधिकारियों में पीसीएस अधिकारी अरुण कुमार सिंह, अवधेश सिंह और रेनु भी शामिल हैं। नवंबर में इन सभी अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था। आरोप था कि इन चारों अधिकारियों ने लखीमपुर खीरी में तैनाती के दौरान पैमाइश के मामलों में टालमटोल की थी। लखीमपुर खीरी के सदर भाजपा विधायक योगेश वर्मा का 24 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह स्कूटी पर बैठकर कलक्ट्रेट परिसर गए और बीच सड़क पर एसडीएम से लेकर कानूनगो की शिकायत करते नजर आए। विधायक ने आरोप लगाया था कि सेवानिवृत्त शिक्षक संघ प्रचारक विश्वेश्वर दयाल की भूमि की पैमाइश के लिए पांच हजार रुपये की रिश्वत ली गई थी और इस रकम को वापस करने की मांग की थी। इस मामले में तत्काल उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए गए थे। नियुक्ति विभाग ने लखीमपुर खीरी के डीएम से इस मामले की रिपोर्ट मांगी थी और उसी रिपोर्ट के आधार पर इन चारों अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। अब नियुक्ति विभाग ने सभी अधिकारियों को बहाल कर दिया है।

### लखनऊ: छप्पन भोग दुकान पर जीएसटी का छापा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में मिठाइयों के लिए मशहूर छप्पन भोग दुकान पर जीएसटी विभाग ने छापा मारा है। इस कार्रवाई में अधिकारियों ने दुकान के कागजात और इलेक्ट्रॉनिक डेटा जब्त कर लिया है। यह छापा टैक्स चोरी की शिकायत मिलने के बाद डाला गया। सेंट्रल जीएसटी टीम ने छानबीन के दौरान दुकान के काउंटर का काम भी रुकवाया, जिसे अब फिर से शुरू कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान कई अनियमितताओं की पुष्टि हुई है और कई व्यक्तियों को नोटिस जारी किए गए है। छप्पन भोग की लोकप्रियता लखनऊ में मिठाइयों की गुणवत्ता और विविधता के कारण है। जीएसटी विभाग की इस छानबीन से व्यवसायी जगत में हड़कंप मच गया है। फिलहाल, जांच प्रक्रिया जारी है और अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहनता से समीक्षा की जा रही है।

# श्रद्धालुओं की पिकअप में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर एक की मौत, छह लोग घायल



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । जनपद के थाना मक्खनपुर क्षेत्र में मथुरा जनपद से गोवर्धन परिक्रमा से लौट रहे श्रद्धालुओं की पिकअप में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए।

जानकारी करने पर बताया कि थाना सिरसागंज क्षेत्र के गांव दुगमई निवासी 40 वर्षीय रमाकांत अपने साथियों के साथ गोवर्धन परिक्रमा से लौट रहे थे। थाना मक्खनपुर क्षेत्र के पायनियर पुल के पास चालक ने पिकअप को खड़ा किया था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में रमाकांत की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अजय, ऋषि, निशांत, नितिन, डीपी और रमाकांत आदि लोग घायल हो गए । सभी घायल गांव सूरजपुर दुगमई के रहने वाले हैं। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना में दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को सड़क से हटवा कर यातायात सुचारू रूप से संचालित कराया । वहीं मामले में थानाध्यक्ष मक्खनपुर ने बताया कि अज्ञात वाहन की ताकत से एक व्यक्ति की मौत हो गई है तथा अन्य कई लोग घायल हो गए हैं घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है वहीं मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पुत्र की हुई मौत, पिता घायल

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । जनपद के थाना टूंडला क्षेत्र में दिल्ली से अपने घर होली खेलने त्यौहार पर घर आ रहे पिता पुत्र को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी । इस हादसे में युवक की मौत हो गई वहीं उसके पिता घायल हो गए। मृतक की पहचान मोहम्मदाबाद गांव निवासी सोमवीर के रूप में हुई है। बताया गया कि युवक अपने पिता राजवीर के साथ दिल्ली के अकराबाद में फर्नीचर की दुकान पर काम करता था। होली के मौके पर दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। तभी एफएच मेडिकल कॉलेज के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सोमवीर की मौके पर ही मौत हो गई। राजवीर को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि सोमवीर के दो बच्चे हैं। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक टूंडला अंजीश कुमार ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी ।

# होलिका दहन और रमजान को लेकर पुलिस सतर्क, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

जसराना : होलिका दहन और रमजान को ध्यान में रखते हुए कोतवाली एका पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है।



क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। एका क्षेत्र में 240 जगह होलिका दहन होगा थाना क्षेत्र को 10 सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। 10 क्लस्टर मोबाइल टीमें लगातार गश्त कर रही हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। थाना अध्यक्ष रमित आर्य ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पीएसी के साथ अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, जो लगातार निगरानी कर रहा है। किसी भी प्रकार की अराजकता, हुड़दंग या गुंडागर्दी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस प्रशासन सभी समुदायों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील कर रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरे क्षेत्र में पुलिस गश्त तेज कर दी गई है, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

# चुल्हावली गांव में प्रतियोगिता में पैनामार होली का लोगों ने उठाए लुप्त

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । जनपद में एक अलग ही अंदाज में होली का आयोजन होता नजर आया जिसे देख लोग देखते ही रह गए । जानकारी करने पर बताया गया कि यह एक पुरानी परम्परा है जो हर वर्ष मनाई जाती है तथा इस प्रकार का आयोजन होता है । बता दें कि जनपद की टूंडला तहसील स्थित चुल्हावली गांव में सैकड़ों साल पुरानी एक अनूठी परंपरा है, जिसे पैनामार होली के नाम से जाना जाता है। इस परंपरा में भाभियां अपने देवरों पर पैना बरसाती हैं। पैना एक विशेष प्रकार का उपकरण है, जो लकड़ी की छड़ी में चमड़े की पट्टी बांधकर तैयार किया जाता है। प्राचीन काल में इसका उपयोग बैलों को हांकने के लिए किया जाता था। इस प्रयोग होली के दिन यहां एक विशेष प्रतियोगिता के आयोजन में किया जाता है । इस



प्रतियोगिता में सबसे अधिक पैना खाने वाले पुरुषों और सबसे ज्यादा पिटाई करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। ग्रामीण इस प्राचीन परंपरा को जीवित रखने के लिए आज भी उत्साह से भाग लेते हैं। लोगों ने बताया यह भी गया कि यह परंपरा बृज क्षेत्र की होली परंपराओं का ही एक हिस्सा है। जैसे मथुरा के बरसाना में लट्ठमार और बलदेव में कोड़ामार होली प्रसिद्ध है। वैसे ही मथुरा से 120 किलोमीटर दूर स्थित चुल्हावली गांव की पैनामार होली भी विशेष है।

# वरूण गाँधी समर्थकों ने हवन यज्ञ कर मनाया 45 वाँ जन्मदिन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । युवा दिलो की धडकन , किसानो के मसीहा , देश भक्त , राष्ट्र हित मे किये गये कार्यो की वजह से हमेशा सुर्खियों मे रहने वालें युवाओ की आवाज भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव , पूर्व सांसद वरूण गाँधी के जन्मदिन के अवसर पर वरूण गाँधी की फिरोजाबाद टीम के सैकड़ों समर्थकों ने ककरऊ कोठी , कृष्णा बिहार कालोनी में एकत्रित होकर विधि विधान से हवन यज्ञ कर उनके यस कीर्ति ,उत्तम स्वास्थ्य एवम्-दीघार्यु की कामना कर कार्यक्रम के समापन के बाद मिष्ठान वितरित किया इस अवसर पर सतीश वर्मा ने कहा कि वरूण गांधी जी हमेशा युवाओ और किसानो के हितो की रक्षा के लिये आवाज बुलंद कर हर भारतीय के दिलो मे जगह बनाने वाले पहले राजनेता है साथ ही देश के ऐसे इकलोते सांसद रहे जो जब तक



सांसद थे तब तक कोई भी सांसद सैलरी नहीं ली । पवन गुप्ता पार्षद पति ने कहा कि वरूण गाँधी जी भारतीय राजनीति मे एक ईमानदार राजनेता के साथ साथ एक अच्छे लेखक व अच्छे वक्ता भी है

पवन जादौन ने कहा कि वरूण गाँधी जी ही एक ऐसे राजनेता है जिन पर युवाओ को भरोसा व विश्वास है कि यह हमे हक और अधिकार दिलायेगे। इस अबसर पर , निर्मल कुमार प्रधान, आशीष वर्मा ,हरिओम वर्मा ,विष्णु गुप्ता , नितेश अग्रवाल , अजय अग्रवाल, पप्पू नंदकिशोर यादव , मनीष ,हरिओम ,विनोद कुशवाह अन्य सैकड़ो युवा फिरोजाबाद के उपस्थित रहे । इस दौरान भारतेंदु पंडित जी ने हवन यज्ञ कर दीर्घ आयु के मंत्र उच्चारण किए ।

# डाकघर में सरकारी बचत योजनाओं से करोड़ों का हुआ गबन, मुकदमा दर्ज

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । जनपद में एक सरकारी डाक विभाग में उनके ही कर्मचारी द्वारा एक बड़े घोटाले का मामला सामने आया है । मामला जनपद के टूंडला रेलवे उप डाकघर का है। जहां कार्यवाहक उप डाकपाल ने सरकारी बचत योजनाओं से एक दो लाख नहीं बल्कि 2.67 करोड़ रुपये का गबन कर लिया। वहीं मामले को लेकर सहायक डाक अधीक्षक ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया गया कि आरोपी रवि प्रकाश राठौर ने 6 जनवरी से 26 अक्टूबर 2023 तक की अवधि में यह गबन किया। वह टापा खुर्द, कोटला रोड, फिरोजाबाद का रहने वाला है। मामले का खुलासा इस वर्ष जनवरी में हुआ। विभागीय जांच में आरोप सही पाए गए।सहायक अधीक्षक डाकघर अजय दुबे के अनुसार, आरोपी ने टूंडला चौराहा, हजरतपुर और रेलवे उप डाकघर से करोड़ों रुपये का गबन किया। उसने डाकघर में जमा होने वाली राशि को खातों में जमा नहीं किया। एक बार में सबसे ज्यादा 8 लाख रुपये का गबन किया गया। वहीं सूत्रों के अनुसार, आरोपी ने गबन की राशि आईपीएल मैचों के सट्टे में लगाई। वह पिछले वर्ष मई से ड्यूटी पर नहीं आया है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह गबन सरकारी धनराशि का है। इससे उपभोक्ताओं को कोई नुकसान नहीं होगा। डाकघर में पोस्टमास्टर समेत कुल 16 कर्मचारी तैनात हैं, जिनमें 6 लिपिक और 6 पोस्टमैन शामिल हैं। वहीं मामले को लेकर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# जिलाधिकारी रमेश रंजन ने किया जनपद एक साल पूर्ण

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । अपनी सौम्यता शालीनता और नवोन्मेष के लिये विख्यात जिलाधिकारी ने अपने कार्यकाल के सफल एक साल पूरा किया, इस दौरान जिलाधिकारी का प्रमुख जोर उन बिंदुओं पर रहा जिससे जिले की महिलाएं, युवा, किसान, छात्र और मजदूर प्रभावित होते रहते हैं, जिलाधिकारी ने युवाओं के रोजगार सृजन हेतु मिनी औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना पर जोर दिया, वहीं महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु स्वयं सहायता समूह की स्थापना पर विशेष बल दिया, उन्हीं के



प्रयासों का परिणाम रहा कि इन स्वयं सहायता समूह को जनपद में कुल 1931.23 लाख रुपए ऋण वितरित किए गए, अक्सर अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने इन महिलाओं से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें दूर करने का प्रयास किया, इस बात का पूरा प्रयास किया कि महिलाओं की भागीदारी सभी क्षेत्रों में रहे, उन्होंने युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु सभी ग्राम पंचायतों में खेल का मैदान, पुस्तकालय और ओपन जिम बनाने पर जोर दिया, जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने हेतु अन्यत्र भटकना न पड़े, उन्होंने युवाओं को आधुनिक टेक्नोलॉजी से जोड़ने हेतु प्रेरित भी किया, प्राथमिक विद्यालय में पढ़ रहे नन्हे बच्चों को सिखाने एवं पढ़ने हेतु आधुनिक तकनीक को अपनाने की बात कही, उन्होंने सभी विद्यालयों के कायाकल्प करने पर भी जोर दिया। मजदूरों के हितार्थ जिलाधिकारी ने श्रम विभाग से श्रमिकों के लिए शासन द्वारा जारी समस्त योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही, वहीं अन्नदाता किसानों के लिए समय-समय पर कृषक गोष्ठियों के माध्यम से उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया, एक किसान रामधनी ने जिलाधिकारी की सदाशयता का वृतांत सुनाते हुए कहा कि ₹मैं जिलाधिकारी से एक बार मिला हूं, उन्होंने मेरी समस्या को ध्यान से सुना और तुरंत जिला कृषि अधिकारी को इसके निदान हेतु निर्देशित किया

प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में निर्धनों को आवास मिल रहा है, कि नहीं जिलाधिकारी ने समय समय पर जाकर स्वयं इसका निरीक्षण किया, जिलाधिकारी ने लगातार भ्रमण कर सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत को देखा, समय-समय पर इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को दण्डित भी किया ।

## योगी आदित्यनाथ के विभाजनकारी बयान की कांग्रेस की कड़ी निंदा, राहुल गांधी के 'मोहब्बत की दुकान' के संदेश को नागालैंड कांग्रेस नेता सेठी ने दिया बल

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

नागालैंड कांग्रेस नेता एवं एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक राजेश कुमार सेठी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए विभाजनकारी और सांप्रदायिक बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह प्रयास धार्मिक आस्थाओं को सांस्कृतिक उत्सवों के विरुद्ध खड़ा करने की एक सोची-समझी साजिश है।

सेठी ने संभल पुलिस अधिकारी की टिप्पणी के समर्थन में दिए गए योगी आदित्यनाथ के बयान को समाज में वैमनस्यता और घृणा फैलाने की सोची-समझी चाल करार दिया।

उन्होंने दोहराया कि भारत हमेशा से एकता, विविधता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की भूमि रहा है, जहां त्योहार और धार्मिक परंपराएं कभी भी एक-दूसरे के विरोध में नहीं रही हैं। होली और जुमे की नमाज सदियों से सौहार्दपूर्वक एक साथ संपन्न होते आ रहे हैं। किसी भी राजनीतिक शक्ति को चुनावी लाभ के लिए देशवासियों के बीच कृत्रिम विभाजन करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। संवैधानिक पदों पर बैठे नेताओं का कर्तव्य समाज को जोड़ना है, न कि सांप्रदायिकता को भड़काना।

सेठी ने आगे कहा कि जब देश को समावेशी शासन, आर्थिक प्रगति और सामाजिक सौहार्द की सबसे अधिक जरूरत है, तब इस तरह की जहरीली बयानबाजी केवल बेरोजगारी, महंगाई, कृषि संकट और सामाजिक न्याय की गिरावट जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा एक समावेशी भारत के विचार को आगे बढ़ाती रही है। राहुल गांधी का मोहब्बत की दुकान का संदेश भाजपा नेताओं द्वारा फैलाए जा रहे नफरत के बाजार के विपरीत एकजुटता और प्रेम का प्रतीक है।

एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष एवं माननीय सांसद श्री इमरान प्रतापगढ़ी लगातार अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा और समाज में सौहार्द बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। उनका नेतृत्व दबे-कुचले लोगों की आवाज को मजबूत करने, विभाजनकारी राजनीति का विरोध करने और कांग्रेस पार्टी की धर्मनिर-पेक्षता एवं न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को सशक्त करने में महत्वपूर्ण रहा है।

राजेश कुमार सेठी ने स्पष्ट किया कि इमरान प्रतापगढ़ी जी के नेतृत्व में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग किसी भी सांप्रदायिक विभाजन के प्रयास का विरोध करता रहेगा और हर भारतीय के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूती से खड़ा रहेगा।

अंत में, सेठी ने देशवासियों से धर्म और पृष्ठभूमि से ऊपर उठकर इस घृणा की राजनीति को खारिज करने और एक न्यायसंगत, समानतापूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण के लिए एकजुट होने की अपील की। उन्होंने सभी भारतीयों से राहुल गांधी जी के मिशन का समर्थन करने का आग्रह किया, जो देश में प्रेम, भाईचारा और संवैधानिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## होली का संदेश: मोहब्बत के रंग और नफरत का अंत




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

होली का यह पावन पर्व प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। यह त्योहार हमें सिखाता है कि रंग चाहे कितने भी अलग हों, जब वे मिलते हैं, तो खूबसूरती बढ़ जाती है।

'मोहब्बत की दुकान' खोलने का संदेश देने वाले राहुल गांधी जी की तरह, हमें अपने समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव के रंग भरने चाहिए।

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल में जो नफरत की राजनीति देखने को मिल रही है, उसे होली के रंगों से मिटाकर एक सशक्त, समावेशी और प्रेम से भरा भारत बनाना होगा। आइए, इस होली पर नफरत को जलाएँ और मोहब्बत, भाईचारे और समरसता के रंग बिखेरें। आप सभी देश वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ!


## Notice

I, Thinlass Gyalpo, Rank: Hav, Army No. 9927012H of Unit 5 Ladakh Scouts C/o 56 APO UT Leh-Ladakh, do hereby affirm that my mother's name has been mistakenly recorded in my service record as Lakzey Dolma instead of Lakzay Dolma. That her actual and correct name is Lakzay Dolma. I have applied for correction of my mother's name in my service record. Objection, if any, conveyed within 7 days of this publcation

## Notice

I, Tsering Tondup, Rank: Sub, Service No. JC589095A of Unit 1st Ladakh Scouts C/o 56 APO, S/o Tsering Tashi R/o Hanu Yokma, Khaltsi, Leh-UT Ladakh do hereby affirm that my daughter's name has been mistakenly recorded in my service record as Dezom Dolma instead of Suzanna Deazom. That her actual and correct name is Suzanna Deazom. I have applied for correction of my daughter's name in my service record. Objection, if any, conveyed within 7 days of this publcation


# ब्रज में 40 दिनों तक खेली जाने वाली होली पर विशेष

## जगत होरी-ब्रज होरा, ऐसा देश निगोरा

**डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, (लेखक प्रख्यात साहित्यकार और आध्यात्मिक पत्रकार हैं)**



होली हमारे देश का प्राचीनतम राष्ट्रीय पर्व है। जो कि प्रतिवर्ष नवीन उल्लास व स्फूर्ति लेकर आता है। इस त्योहार में न कोई वर्ग भेद है और न ही कोई जाति भेद।

भक्त प्रह्लाद व होलिका की पौराणिक कथा के सन्दर्भ में यह अधर्म पर धर्म की विजय का महोत्सव है। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि जिस प्रकार भक्त प्रह्लाद के समक्ष होलिका का कोई महत्व नही रहा, उसी प्रकार पुण्य के समक्ष पाप का कोई अस्तित्व नही है। सत्य सदैव ही असत्य पर विजय प्राप्त करता है।

होली के त्योहार की जो सबसे बड़ी विशेषता है वो यह है कि इस त्योहार को ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र एवं बालक,वृद्ध, स्त्री, नवयुवक आदि सभी अत्यंत धूमधाम के साथ मनाते हैं। होली के त्योहार का भविष्य पुराण में विस्तार से वर्णन है। त्रेता युग में भगवान श्रीराम के द्वारा होलिकोत्सव मनाए जाने का विस्तृत वर्णन गोस्वामी तुलसीदास कृत ₹गीतावली₹ में है।

होलिकादहन में अग्नि की पूजा इसलिए की जाती है क्योंकि अग्नि को परमात्मा का स्वरूप माना गया है। इनकी वन्दना से हमें दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ती मिलती है। यदि हम लोग होलिका दहन के सही अर्थ को समझें तो सम्पूर्ण विश्व में आतंकवाद जैसी समस्या ही न रहे। क्योंकि यह समस्या मुख्य रूप से दुर्भावना की ही देन है। अतैव होलिका दहन के अवसर पर हम सभी को अग्नि देव से यह प्रार्थना करनी चाहिए कि हम सभी पारस्परिक बैर-भाव भूल जाएं और प्रेम पूर्वक होली का त्योहार मनाएं।होली के त्योहार का आध्यात्मिक महत्व भी है। वैदिक काल में इसे ₹नवन्नेष्टि₹ नाम से भी सम्बोधित किया जाता था। उस समय अधपके अन्न का यज्ञ में हवन कर प्रसाद वितरण करने का विधान था। इस अन्न को होला कहते थे। कालांतर में यही होला शब्द होली बन गया।

होली का त्योहार एक-दूसरे को समीप लाने और आपस की स्वतंत्रता को समाप्त करने के लिए भी प्रसिद्ध है। अतः हम सभी को इस दिन अपनी बुराइयों को त्यागने का संकल्प लेना चाहिए।

हमारे समूचे देश में इस पर्व को मनाने का ढंग अत्यंत वैविध्यपूर्ण है। 15वीं व 16वीं शताब्दी के भक्ति युग में ब्रज की होली को इतना बड़ा धरातल प्रदान किया जो कि सम्पूर्ण भारत की धर्मप्राण संस्कृति में अपना एक विशेष महत्व रखती है।

ब्रज की होली अपनी अनूठी और अनोखी परम्पराओं के कारण समूचे विश्व में प्रसिद्ध है। यहां होली की विधिवत शुरूआत बसन्त पँचमी से हो जाती है और यहां के सभी मंदिरों में ठाकुर जी के समक्ष नित्य-प्रति के श्रृंगार में गुलाल का प्रयोग होने लगता है। होली का यह रंग माघ शुक्ल पंचमी से लेकर चैत्र कृष्ण दशमी तक पूरे 50 दिनों समूचे ब्रज के कण-कण में छाया रहता है। ब्रज की होली का प्रथम चरण यहां के राधारानी मानसरोवर मन्दिर में फाल्गुन कृष्ण एकादशी को राधा रानी के मेले से शुरू होता है। मथुरा के बरसाना कस्बे में फाल्गुन कृष्ण अष्टमी को लड्डू की होली व फाल्गुन शुक्ल नवमी को विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली होती है। जिसमें बरसाना की हुरियारिनें (स्त्रियां) नंदगाँव के हुरियारों (पुरुषों) पर लाठियों से प्रहार करती हैं। जिन्हें कि नंदगांव के हुरियारे अपनी ढालों पर रोकते हैं। फाल्गुन शुक्ल दशमी को नंदगांव में भी लट्ठमार होली होती है। मथुरा के फालैन व जटवारी ग्राम में फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा को जलती हुई होली की विशालकाय आग की लपटों में से ग्राम का प्रह्लाद भक्त पण्डा नंगे पांव बाहर निकलता है। परन्तु उसका बाल तक बांका नही होता है।

धुलेंडी के दिन सारे देश में होली का विश्राम हो जाता है। परन्तु ब्रज में इसके 10 दिन बाद तक भी होली का त्योहार किसी न किसी रूप में मनाया जाता रहता है। धुलेंडी के दिन से 4 दिन बाद तक समूचे ब्रज में ₹तानों₹ के गायन का क्रम चलता है। चैत्र कृष्ण द्वितीया को बल्देव के ठाकुर दाऊदयाल मन्दिर में दोपहर लगभग 12 बजे दाऊजी का हुरंगा होता है। इस हुरंगे में गुसाईं समाज की हुरियारिनें (स्त्रियां), हुरियारों (पुरुषों) के शरीर से उनके वस्त्र फाड़कर और उनके कोड़े बना कर उनसे गीले बदन हरियारों की पिटाई करती हैं। इसके प्रत्युतर में ब्रज के यह वीर हुरियारे मन्दिर में बने हुए कुंड में से पिचकारियों व बाल्टियों में रंग भर-भर कर हुरियारिनों को रंग से सराबोर कर देते हैं। इसी दिन मथुरा के जाव ग्राम में भी अत्यंत रसपूर्ण हुरंगा होता है। इसमें जाव ग्राम की स्त्रियां व बठैन ग्राम के पुरुष भाग लेते हैं। चैत्र कृष्ण तृतीया को बठैन ग्राम में भी लट्ठमार हुरंगा होता है।

ब्रज की होली की मस्ती में धुलेंडी से लेकर चैत्र कृष्ण दशमी तक जगह-जगह चरकुला नृत्य, हल नृत्य, हुक्का नृत्य, बम्ब नृत्य, तख्त नृत्य, चाँचर नृत्य एवं झूला नृत्य आदि अत्यंत मनोहारी नृत्य भी होते हैं। साथ ही चैत्र कृष्ण तृतीया से चैत्र कृष्ण दशमी तक निरन्तर 7 दिनों तक ब्रज के समस्त मंदिरों में फूलडोल की छटा छाई रहती है। साथ ही सुमधुर होलियों का गायन भी होता है। अनेक स्थानों पर फूलडोल के मेले भी लगते हैं।

रंगों का त्योहार होली समूचे देश में कई रूपों में इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इन सभी के साथ अपने-अपने आंचलिक नाम,महत्ता और कहानियां जुड़ी हुई हैं।

बिहार में होली को ₹फगुआ₹ या ₹फाल्गुन पूर्णिमा₹ भी कहा जाता है। ₹फगु₹ का अर्थ होता है लाल रंग और ₹पूर्णिमा₹ यानि पूर्ण चंद्र । बिहार में होलिका दहन को ₹सम्वत्सर दहन₹ भी कहा जाता है।

हरियाणा में धुलेंडी के दिन भाभियाँ अपनी साड़ियों से कोड़े बना कर अपने देवरों को पीटती हैं। इस पर देवर अपनी भाभियों को मिठाईयों का उपहार देकर उन्हें प्रसन्न करते हैं।साथ ही लोग-बाग अपनी-अपनी सुविधानुसार किसी एक स्थान पर एकत्रित हो कर दही की मटकी फोड़ते हैं।

महाराष्ट्र के लोग होली को रँग पंचमी₹ कहते हैं। यहां के लोग, विशेषकर मछुआरे इस त्योहार को शिमगो कहते हैं। इस दिन यहां के लोग खूब नाचते, गाते और खुशियां मनाते हैं। साथ ही इस दौरान सभी अपनी-अपनी खुशियों व दुखों को एक-दूसरे को बता कर आपस में ₹शेयर₹ करते हैं।इसके अलावा अपने हाथ और मुँह के सहारे एक विचित्र शैली में आवाज निकालते हैं।

पँजाब में होली के अवसर पर 3 दिन तक होला मोहल्ला नामक वार्षिक मेला जुड़ता है।जो कि वृहद स्तर पर आनंदपुर साहिब में लगता है। इसे सिखों के दसवें गुरु गुरुगोविंद सिंह ने शुरू किया था। इसका मुख्य उद्देश्य सिख युवकों को शारीरिक रूप से मजबूत करना है। इस मेले में सिख नवयुवक कई तरह के कारनामे भी दिखाते हैं। इस मेले का समापन शोभायात्रा व लंगर के साथ होता है।

तमिलनाडु में होली के अवसर पर लोग-वाग कामदेव की पूजा करते हैं। प्रचलित कथाओं के अनुसार भगवान शिव के कोप के कारण कामदेव जल कर भस्म हो गए थे। लेकिन बाद में उनकी पत्नी रति की प्रार्थना पर भगवान शिव ने उन्हें जीवन दान दे दिया था। तमिलनाडु वासियों की ऐसी मान्यता है कि होली के ही दिन कामदेव पुनः जीवित हुए थे, इसलिए तमिलनाडु वासी इस दिन लोक-गीतों के माध्यम से रति की व्यथा-कथा गाते हैं। साथ ही कामदेव को जलन से मुक्ति दिलाने के लिए चन्दन अर्पित करते हैं।

विडम्बना है कि हर्षोल्लास, प्रेम, सौहार्द्र एवं भाईचारे आदि का त्योहार होली अब विभिन्न विसंगतियों के चलते अशोभनीय कृत्यों, फूहडताओं एवं विकृतियों आदि से ग्रस्त हो गया है। जिसके कारण लोग-वाग नशा करते हैं, जुआ खेलते हैं एवं पुरानी रंजिशों को निकालते हैं।व्यापक जनहित में इस सब पर अंकुश लगना चाहिए ताकि होली जैसे सनातन संस्कृति के पावन व प्रेमपूर्ण इस त्योहार की अस्मिता सुरक्षित रह सके।

# जौनपुर महोत्सव में मेनेटरिंग भारत से अमित परमार सम्मानित

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



जौनपुर । मेंटरिंग भारत द्वारा परमार एग्रीबिजनेस किसान उत्पादक कंपनी और कई अन्य संस्थाएं मेंटरशिप का लाभ ले रही है, mentoring भारत के ट्रस्टी अलका ज्ञान प्रकाश और अमित परमार जी है तथा संरक्षक डॉ. ज्ञान प्रकाश जी है। जनेवरा फतेहगंज क्षेत्र के निवासी समाजसेवी अमित परमार को कृषि ड्रोन माननीय मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश द्वारा मंत्री गिरीश चंद , विधायक रमेश जी, जिलाधिकारी जौनपुर, मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर, उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय आदि सक्षम अधिकारी के उपस्थिति में दिया गया।अमित ने बताया कि संबंधित सुविधाओं में मुख्य रूप से ड्रोन संचालन और विनियमन शामिल हैं, जिसमें पंजीकरण, परमिट और कुछ क्षेत्रों में उड़ान पर प्रतिबंध शामिल हैं। यदि आप वाणिज्यिक रूप से ड्रोन उड़ाना चाहते हैं, तो आपको परमिट की आवश्यकता होगी और सुनिश्चित करें कि आप पंजीकृत हैं। ड्रोन पंजीकरण के लिए नैनो श्रेणी के ड्रोन को छोड़कर सभी ड्रोन पंजीकृत होने चाहिए और उन्हें एक विशिष्ट पहचान संख्या (वक्ठ) जारी की जानी चाहिए। वाणिज्यिक संचालन के लिए परमिट के लिए आम तौर पर परमिट की आवश्यकता होती है, जब तक कि ड्रोन नैनो श्रेणी में 50 फीट से नीचे या माइक्रो श्रेणी में 200 फीट से नीचे न उड़ाया जाए।

ड्रोन उड़ानों के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र मे आप सरकारी सुविधाओं या सैन्य ठिकानों पर ड्रोन नहीं उड़ा सकते। आपको निजी संपत्ति पर ड्रोन उड़ाने के लिए अनुमति की आवश्यकता है। हवाई अड्डों के पास नियंत्रित हवाई क्षेत्र में संचालन से कम से कम 24 घंटे पहले उड़ान योजना और एएआई/एडीसी की अनुमति दाखिल करना आवश्यक है।

ड्रोन प्रौद्योगिकी पार्क (डीटीपी) आईआईटी दिल्ली सोनीपत परिसर में स्थित ड्रोन प्रौद्योगिकी पार्क (डीटीपी), ड्रोन परीक्षण, उड़ान, प्रशिक्षण और अधिक के क्षेत्र में उत्साही सभी स्टार्ट-अप, संगठनों और व्यक्तियों के लिए खुला एक शोध और प्रशिक्षण सुविधा है। ड्रोन पायलट प्रशिक्षण मे ड्रोन पायलट प्रशिक्षण शुल्क संस्थान से संस्थान और पाठ्यक्रम के प्रकार के अनुसार भिन्न होते हैं। औसतन ड्रोन पायलट लाइसेंस की लागत ₹30,000 से ₹80,000 के बीच होती है।

## माननीय सांसद, श्री अनील बलूनी जी और विद्यालयी शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, सहकारिता, उच्च शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य शिक्षामंत्री, उत्तराखंड़, डा. धनसिंह रावत जी का परमार्थ निकेतन में आगमन

### अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में 75 से अधिक देशों से आये 1200 से अधिक योग जिज्ञासुओं और योगाचार्यों का उत्तराखंड की धरती पर किया अभिनन्दन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



ऋषिकेश। अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के पांचवे दिन विश्व के 75 देशों से आये योग जिज्ञासुओं और योगाचार्यों के बीच माननीय सांसद, श्री अनील बलूनी जी और विद्यालयी शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, सहकारिता, उच्च शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षामंत्री, उत्तराखंड़, डा. धनसिंह रावत जी का आगमन हुआ।

माननीय सांसद श्री अनील बलूनी जी और श्री धन सिंह रावत जी ने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी के पावन सान्निध्य में माँ गंगा का पूजन अर्चन किया। स्वामी जी ने भगवान श्री राम की प्रतिमा और रूदाक्ष का पौधा भेंट कर उनका अभिनन्दन किया।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि होली का पर्व रंगों से भरा हुआ एक उत्सव है, यह एक सांस्कृतिक परंपरा है जो समाज में बदलाव, समावेशिता और करुणा का प्रतीक है। इस होली पर हम सब मिलकर समाज में प्रेम, करुणा और समावेशिता के रंग भरें। इस पर्व का उद्देश्य न केवल बाहरी रंगों का आनंद लेना है, बल्कि हमें अपने विचारों और कर्मों में भी इन रंगों को समाहित करना है। हम एक ऐसा वातावरण तैयार करें, जहां हर व्यक्ति की अनूठी पहचान का सम्मान हो और हम सभी एकजुट होकर इस दुनिया को एक सुंदर, समृद्ध और संतुलित स्थान बनाने का संकल्प लें।

श्री धनसिंह रावत जी ने कहा कि परमार्थ निकेतन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव ने इस बात को सिद्ध किया कि योग न केवल शारीरिक व्यायाम है, बल्कि यह मानसिक और आत्मिक विकास का एक सशक्त माध्यम भी है। इस वर्ष इस उत्सव में विश्व के 75 देशों से आये योग जिज्ञासुओं और योगाचार्यों का उत्तराखंड की दिव्य धरती पर स्वागत है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने योग ने इस पर्व को एक और आध्यात्मिक आयाम प्रदान किया, यहां आकर लोगों एक-दूसरे के साथ शांति और एकता से जुड़ते हैं, वास्तव में यह अद्भुत है।

श्री अनील बलूनी जी ने कहा कि योग और ध्यान के अभ्यास के साथ, होली का यह पर्व हमें याद दिलाता है कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ हमें एकता और प्रेम के रंगों से भी रंगना चाहिए। जब हम योग के माध्यम से अपने भीतर की शांति को महसूस करते हैं, तो हम अपने समाज में प्रेम और करुणा का प्रसार कर सकते हैं।

साध्वी भगवती सरस्वती जी ने कहा कि हमारा व्यक्तिगत रंग एक अद्वितीय और महत्वपूर्ण अंग है, जब हम सभी मिलकर पर्व मनाते हैं, तो हम एक समृद्ध और सशक्त समाज का निर्माण करते हैं। होली पर्व का संदेश यही है कि विविधता में ही असली सुंदरता है। यह पर्व हमें अपनी विविधता को स्वीकार करने और उसे एकता के रंगों में समाहित करने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने यह सिद्ध किया कि दुनिया भर के लोग, चाहे उनकी जाति, धर्म या भाषा को बोलने वाले हो परन्तु प्रेम, भाईचारे और समृद्धि के साथ एकजुट होकर एक सुन्दर विश्व का निर्माण कर सकते हैं।














भारत अल्ट्रासाउंड सेंटर
सुभाष चौराहा चर्च रोड शिकोहाबाद
की ओर से
होली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ. राजकुमार


Affiliation No.: 2132678
Nursery to 11th
LUCKY SR. SEC. PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
परिवार की तरफ से
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
डायरेक्टर- वीरेन्द्र सिंह यादव
मो.- 9719778778
MAINPURI ROAD, SHIKOHABAD (FIROZABAD)


सभी जनपदवासियों को
होली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मनोज प्रधान
पता- ग्राम पंचायत सराय मुरलीधर


आप सभी देश वासियो को
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
इंस्पेक्टर
मनोज कुमार
थाना इगलास गोरई, अलीगढ़


बिहार के विकास पुरुष सीएम नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा में जमुई को 891 करोड़ का सौगात दी।
एक बार पुनः 2025 फिर से नीतीश 225
समस्त जिलवासियों को रंगों का त्योहार
होली और ईद
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रण हमारा संकल्प विकास का
25 से 30 फिर से नीतीश
शैलेन्द्र महतो
जदयू जिलाध्यक्ष, जमुई


GBSS
Reg.No.FIR/03205/2024-25
गौतम बुद्ध डॉ0 भीमराव सामाजिक संगठन
की ओर से
महापर्व
होली
की हार्दिक बधाई
राष्ट्रीय अध्यक्ष
संजेश कुमार
आदर्श नगर, तहसीलदार पैलेस, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद


आप सभी देशवासियों को
रंगों का महापर्व
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
उदय प्रताप सिंह (ठेकेदार)
नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद उत्तर प्रदेश


सभी जनपदवासियों को
होली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जितेन्द्र यादव
ADO, (ISB)
प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन उ.प्र.


संत जनू बाबा एजूकेशनल ग्रुप, शिकोहाबाद
की ओर से
होली की बधाई
एवं हार्दिक शुभकामनाएं
संचालित संस्थान
संत जनू बाबा स्मारक महाविद्यालय
सैन्ट जनू बाबा पैरामैडीकल कॉलेज
सैन्ट जे.बी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन
संत जनू बाबा आई.टी.आई.
सैन्ट जे.बी.ग्लोबल एकेडमी
संत जनू बाबा स्मारक इण्टर कॉलेज
डॉ. रामप्रकाश यादव


विद्यालय कोड -1452
रामबेटी गजराज सिंह इण्टर कॉलेज
ADMISSION OPEN
नगला खार रोड, उसाइनी, फिरोजाबाद
की ओर से
होली की हार्दिक बधाई।
प्रधानाचार्य सत्यप्रिय
Director Nitin Kumar
Join us: YouTube Channel : V.K. Digital Classes
Digital Classes
सत्यप्रिय
जयप्रकाश यादव
निर्मला देवी


मेजर रामवीर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन
की ओर से
होली
की हार्दिक शुभकामनायें
इंजी. रामव्रेश यादव
डॉ. प्रताप सिंह
पता- मेजर रामवीर सिंह शिक्षण संस्थान
मो. 6397801505,9927903132,9528179733,9568213129
(पानी की टंकी के पास एल.आई.सी. की बिल्डिंग के सामने)
सेक्टर-2 आवास-विकास कॉलोनी, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद


आप सभी देश वासियो को
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन कुमार राघव
बृजगढ़ी, छातारी, पहासू, बुलन्दशहर
National Express


किसान आयशर ट्रैक्टर्स
होली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अधिकृत विक्रेता : आयशर ट्रैक्टर्स
मुख्य ब्रान्च- एन.एच.-19, नगला किला, शिकोहाबाद
ब्रान्च- एटा रोड टूण्डला एटा रोड एका कोटला रोड फिरोजाबाद


सभी जनपदवासियों को
होली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
वर्मा ज्वैलर्स
बाबा क्लैक्शन
कटरा बाजार, शिकोहाबाद (फिरोजाबाद)
अंकुर वर्मा
मो. 7037344444
अक्षय वर्मा
मो. 8881444467


सभी जनपदवासियों को
होली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
यादवेन्द्र सिंह
जिलाध्यक्ष
बहुजन समाज पार्टी जनपद- फिरोजाबाद


सभी जनपदवासियों को
होली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रबल गुप्ता
लेखपाल
तहसील जसराना, जनपद- फिरोजाबाद


प्रो. छुन्नी लाल जैन
M: 9557156169
सन्मति स्वीट्स हाउस
की ओर से
होली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अंकित जैन
हमारे यहाँ शुद्ध देशी घी से निर्मित मिठाईया व स्पेशल गौंद के लड्डू मिलते है।


श्रीकृष्ण मैरिज होम
की ओर से
होली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रो. शेखर कुशवाह
पता- पाढ़म, जसराना, जनपद- फिरोजाबाद


Affiliation No. 2132220
DEVBHUMI
PUBLIC SCHOOL
Admission Open
FOR CLASSES PG TO IX
INTRODUCING SCHOOL INTEGRATED SKILL DEVELOPMENT & COMPETITIVE PROGRAMS
IIT-JEE
NEET-UG
NDA
OLYMPIAD
ROBOTICS/CODING
MILESTONE: 281, NH-2, BABA KI SHALA, UKHREND, SIRSAGANJ
Call us: 7536803121, 9837940091


DOCTOR
LAKSHAY HOSPITAL
24x7 EMERGENCY
की ओर से आप सभी देश वासियो को
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. राहुल नायक
Mob.: 8006959343
एटा चुंगी क्वार्सी बाईपास ग्रीन पार्क, अलीगढ़


महेश एण्ड सन्स ज्वैलर्स
की ओर से
होली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चेतन वर्मा
पता- पाढ़म, जसराना, जनपद- फिरोजाबाद


सभी जनपदवासियों को
होली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुनील यादव
(समाजसेवी)


सभी जनपदवासियों को
होली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सन्नी बाबू
(समाजसेवी)
पता- थाना व तहसील शिकोहाबाद, जनपद- फिरोजाबाद


MAXFORT HOSPITAL
& INSTITUTE OF CHILD HEALTH
आप सभी देश वासियो को
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
EMERGENCY
MAXFORT HOSPITAL
डॉ. चितरंजन सिंह


मानवाधिकार सहायता संघ
की ओर से आप सभी देश वासियो को
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. सोनू सिंह
राष्ट्रीय अध्यक्ष
मानवाधिकार सहायता संघ


नितिन जादौन
Mob.: 9058441649
8006441649
कल्याणी हॉस्पीटल
Multi Specialty Hospital
की ओर से आप सभी देश वासियो को
EMERGENCY NO. 7060523100
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
पता- मुकन्दपुर बाईपास, आगरा रोड, अलीगढ़


हमारा मिशन- वोट देना कर्तव्य भी, अधिकार भी
हमारा संकल्प- निष्काम निस्वार्थ जनप्रतिनिधि चाहिए, अपराधी नहीं
डॉ रिखब चन्द जैन (संस्थापक)
होली के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं
लोकतन्त्र में - राष्ट्र, आपके धर्म और आपकी अपनी रक्षा आपके 'वोट देने' से ही होगी। - डॉ रिखब चन्द जैन
अश्विनी उपाध्याय (संरक्षक)
सुरेन्द्र गुप्ता (संरक्षक)
मणीन्द्र जैन (संरक्षक)
विपिन गुप्ता (राष्ट्रीय अध्यक्ष)
भारतीय मतदाता संगठन
गैरराजनैतिक • संवाद आधारित • संघर्ष विहिन • सर्वधर्म समभाव
878ए, ईस्ट पार्क रोड, अजमल खाँ पार्क के सामने, करोल बाग, नई दिल्ली
011-40440421 Email: bhartiyamatdata@gmail.com


रंग बोलते हैं प्रेम की बोली आपको मुबारक
HAPPY HOLI
festival of colors
दैव्य ग्राफिक्स Designing & Printing 9643582239
# Daivya Graphics : 9643582239
आपको एवं आपके परिवार को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें...
शुभकामनाओं सहित
आनन्दपीठाधीश्वर
अनन्त श्री विभूषित श्री श्री 1008 आचार्य महामण्डलेश्वर
स्वामी बालकानन्द गिरि जी महाराज
( श्री तपोनिधि पंचायती आनन्द अखाड़ा )
हरिधाम साँई ट्रस्ट, शिव दुर्गा नरसिंह मन्दिर
मयूर विहार, फेस-1, पॉकेट-2, नई दिल्ली


एकल भारत लोक शिक्षा परिषद्
(एकल अभियान ट्रस्ट से सम्बंधित)
एकल विद्यालय
विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक शिक्षा संगठन
HAPPY Holi
आप सभी को एकल भारत लोक शिक्षा परिषद की ओर से होली की हार्दिक शुभकामनाएं
इस पर्व को, किसी बच्चे के जीवन में शिक्षा का प्रकाश भर कर मनाएँ
दक्षिणी दिल्ली चैप्टर महा-शतकवीर 2022- 2023
श्री बसंत बंसल
M&M FOUNDATION
श्री सुरेन्द्र गाँधी
DEWAN & SONS
: टीम : दक्षिणी दिल्ली चैप्टर भारत लोक शिक्षा परिषद
विनीत कुमार गुप्ता ट्रस्टी एवं चैप्टर प्रभारी
बासुदेव गर्ग चेयरमैन
जगमंदर गुप्ता प्रधान
अशोक अग्रवाल महामंत्री
दीप चंद कौशिक कोषाध्यक्ष
राम बिलास बंसल सयुक्त सचिव
वैंकटेश गुप्ता उप प्रधान
504, DLF City Court, Sikanderpur, Near Sikanderpur Metro Station, Gurugram 122002 (H.R)


HAPPY HOLI
A.P.HOTELS
A. P. RESIDENCY **Govt. Approved 2 Star
A. P. REGENCY
A. P. REGENCY & RESIDENCY
Police Line Road, Near Telephone Exchange Ambala City ( HARYANA )
Phone : 0171 2445777, 2446777, 2556777, 6536777
Email- aphotel@rediffmail.com | www.hotelapambala.com


The King Of Comfort
KOMFY
Mattress, Pillows
and Office Chair
आप सभी को
Holi
रंगों का महापर्व
होली
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
Milan Impex
Amit Agarwal
09415866062
124/59 'D' Block, Govind Nagar, Kanpur-208 006


Wishing You a Very Happy HOLI
NEW G.T. NURSING HOME
7/223, Gutaiya, Swaroop Nagar, G.T. Road, Kanpur
Ph :- 0512-2531815/2531111/3212175 • Mob :- 9451546480
Dr. Vinay Gupta
M.B.B.S., M.D. (Medicine)
CONSULTANT PHYSICIAN & CARDIOLOGIST
Dr. Vandana Gupta
M.B.B.S., (Gold-Medallist), M.S. (Gynae. & Obst.)
CONSULTANT GYNAECOLOGIST & OBSTETRICIAN
Facilities : - Complete health care unit
• General medicine, Pulmonary medicine
• Advanced laparoscopic surgeries
• Uro, Neuro, Ortho, Dental, Oral, Gynae & General Surgery
• Fascio Maxillaw Trauma Unit
• Well Equipped Operation Theatre with C-Arm available
• 24 hrs. Emergency, Ambulance, Pharmacy, Pathology, X-Ray


होली की शुभकामनाएँ
Prakash
Generator & Alternator
Ultimate solution for
The power problem
Alternator
CERTIFIED ISO 9001:2015 COMPANY
★ PRESIDENT AWARD WINNER
★ GOLD MEDALIST
★ EXPORT IN 18 COUNTRIES
www.prakash.in
Mfd. by : PRAKASH DIESELS PVT. LTD.


Integrated
Stainless Steel
Manufacturing Plant
HAPPY
HOLI
AUSTENITIC
MARTENSITIC
FERRITIC GRADES IN
S.S. SHEETS • HR COIL • CR COIL
WIRES / FINE WIRES • BRIGHT BARS
BILLETS / BLOOMS / SLABS
WIRE RODS - HRAP
RIMJHIM
ISPAT
STRIVING FOR PERFECTION
OFFERING INNOVATIVE STAINLESS STEEL SOLUTIONS
Reg. Off. 3A/275, Azad Nagar, Kanpur - 02 (U.P.) • Tel.: +91-512-2974199, 2974226, 2974292
Corp. Off. AP-6, Shalimar Bagh, New Delhi - 88 • + 91 11 - 27476877 - 78
mail@rimjhimispat.com • www.rimjhimispat.com














स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता। संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।